WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, बुधवार, 16 जुलाई 2025 | कृष्ण पक्ष- षष्ठी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 153 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

6000 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना...

जम्मू(वार्ता)। *जम्मू में हो रही लगातार बारिश के बीच श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि तीर्थयात्री 248 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा, "आज सुबह 6388 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।" अधिकारियों ने कहा कि 248 हल्के और भारी मोटर वाहनों में सवार होकर 3887 तीर्थयात्री पहलगाम और 2501 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।*

अब तक दो लाख तीर्थयात्री कर चुके हिम शिवलिंग के दर्शन

उल्लेखनीय है कि 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा दोनों मार्गों से दो जुलाई को शुरू हुई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां से पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी और अब तक लगभग दो लाख तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में स्वनिर्मित हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं।

दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के मामले में समय रैना समेत पांच इंफ्लुएंसर हुए पेश

■ दो हफ्ते के भीतर जवाब देने का निर्देश

नई दिल्ली। दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने के मामले में समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही पीठ ने अगली सुनवाई में भी उनको अदालत में पेश होने को कहा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शारीरिक कारण से सोनाली ठक्कर को पेशी से छूट दे दी और उन्हें वर्चुअली सुनवाई में पेश होने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को दो हफ्तों के भीतर अपना जवाब दाखिल करना होगा और जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते से ज्यादा का समय नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी को सुनवाई में शामिल होने को कहा है। सोशल मीडिया दिशा-निर्देश तैयार करने में भी मदद देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिशा-निर्देश तैयार करते समय अभिव्यक्ति की आजादी और बोलने की आजादी के अधिकार और कर्तव्य का भी संतुलन रखा जाए। अदालत ने कहा कि एक व्यक्ति की बोलने की आजादी का अधिकार दूसरे के अधिकार का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।

ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या : राहुल गांधी

■ ओडिशा में छात्रा की मौत पर सियासी संग्राम

भुवनेश्वर/नई दिल्ली। ओडिशा के बालासोर जिले की एक छात्रा की मौत ने पूरे राज्य की राजनीति में सियासी भूचाल ला दिया है. कॉलेज में पढ़ाने वाले एक शिक्षक के यौन उत्पीड़न से आहत होकर छात्रा ने खुद को आग लगा ली थी. जिसके बाद जिंदगी से जंग लड़ते हुए उसने दम तोड़ दिया. छात्रा की मौत के साथ ही ओडिशा की सत्ता की गलियों में सवालों की गूंज तेज हो गई है. विपक्ष इसे सिर्फएक आत्महत्या नहीं, बल्कि 'सिस्टम की हत्या' करार दे रहा है। कांग्रेस, बीजद और अन्य विपक्षी दलों ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्ष का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने छात्रा की गुहार सुनी होती तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। छात्रा के पिता सरकार से मुआवजे की नहीं, बल्कि अपनी बेटी के लिए इंसाफकी मांग रहे हैं। इस पूरे मामले ने न केवल राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि एक बार फिर यह भी साबित किया है कि हमारी संस्थागत संवेदनशीलता कितनी खोखली है।

राहुल गांधी ने बताया सिस्टम की हत्या

राहुल गांधी ने ओडिशा की बीजेपी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि ओडिशा में इंसाफ़ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत, सीधे-सीधे बीजेपी के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है. उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई - लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया. जिन्हें उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे तोड़ते रहे. हर बार की तरह BJP का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा - और एक मासूम बेटी को खुद को आग लगाने पर मजबूर कर दिया. ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या है। ओडिशा हो या मणिपुर - देश की बेटियां जल रही हैं, टूट रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप? खामोश बने बैठे हैं. देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए, भारत की बेटियों को सुरक्षा और इंसाफ़ चाहिए।

क्या है मामला: एक शिक्षक द्वारा''यौन उत्पीड़न'' किए जाने के मामले में लड़की को न्याय नहीं मिल रहा था उसकी तमाम शिकायतों को अनसुना कर दिया गया जिसके बाद सिस्टम से तंग आकर लड़की ने खुद को आग लगा ली. आग लगाने वाली छात्रा ने 3 दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद भुवनेश्वर एम्स में सोमवार रात दम तोड़ दिया. वह बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय में बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी. शिक्षक के खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया और वह 95 प्रतिशत तक झुलस गई थी. छात्रा का शव मंगलवार को ओडिशा के बालासोर जिले में उसके पैतृक गांव लाया गया. उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में लोग श्मशान घाट पहुंचे. बालासोर के सांसद प्रताप सारंगी, जिले के अधिकारी और अन्य लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए. छात्रा के शव का अंतिम संस्कार उसके परिवार और अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया।

कांग्रेस ने की इस्तीफे की मांग

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने इस घटना को राज्य की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की पोल खोलने वाला करार दिया. उन्होंने कहा कि बालासोर की छात्रा की मौत यह साफ दिखाती है कि ओडिशा सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम रही है. वहीं कांग्रेस ने इस मुद्दे पर वाम दलों समेत आठ विपक्षी दलों के साथ मिलकर 17 जुलाई को ओडिशा बंद बुलाने का ऐलान किया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता रामचंद्र कदम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के राज में जंगल राज कायम है। मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।

पूर्व सीएम नवीन पटनायक सरकार पर बरसे

बीजू जनता दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया पर दुख जताते हुए लिखा कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता है. सोचिए, कैसे एक नाकाम सिस्टम किसी की जान ले सकता है। अगर किसी एक ने भी व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेकर इस मामले में अपना दखल दिया होता, तो शायद वह छात्रा जिंदा होती। यह पूरी तरह संस्थागत विश्वासघात है. मैं इस मामले में राज्यपाल से अपील करता हूं कि न केवल कॉलेज प्रशासन बल्कि सत्ता में बैठे लोग भी जवाबदेह ठहराए जाएं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो चुकी है। बैठक में 30 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सीएम नीतीश कुमार आज फिर से बिहार वासियों को बड़ी सौगात दी है। इसमें आगामी पांच साल ने एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि राज्य सरकार अगले पांच साल में रोजगार सृजन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई नौकरी रोजगार सृजन के लिए सभी संभावनाओं एवं विकल्प पर विचार करते हुए राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। इसमें 12 सदस्य होंगे। नौकरी या रोजगार से राज्य के युवाओं को आर्थिक संबल प्राप्त होंगे।

पटना मेट्रो और दुर्घटना अनुदान के लिए यह स्वीकृति

एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के दो

वर्ष आठ महीने की अवधि में रखरखाव कार्य के लिए सेवा कर रहित कुल अनुमानित व्यय 179.37 करोड़ नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को देने तथा प्रायोरिटी कार्यान्वयन के लिए तीन कार सिंगल ट्रेनसेट को किराए पर लेने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए 21.1544 646 करोड़ अनुमोदन प्रदान की गई है। वहीं बिहार राज्य के निवासी एवं राज्य में निबंध नॉन कॉर्पोरेट करदाताओं की दुर्घटना मृत्यु होने पर अनुदान के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बिहार व्यवसायी दुर्घटना मृत्यु अनुदान योजना को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। इसके तहत करदाताओं की दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को पांच लाख के अनुदान राशि दी जाएगी।

बम निरोधक दस्ता के कर्मियों को जोखिम भत्त मिलेगा

एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि बम निरोधक दस्ता के कर्मियों को मूल वेतन का 30त्न प्रतिशत जोखिम भत्ता दिया जाएगा। इसके लिए अधिकतम 25000 रुपये जाएंगे। वहीं बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को एक-एक 2016 से राज्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वेतन वृद्धि को मिली स्वीकृति।

चार चिकित्सा पदाधिकारियों को बर्खास्त किया गया

वहीं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चार चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई की गई है। इन चारों को बर्खास्त कर दिया गया है। एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदना कुमार, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृतिका सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निमिषा रानी और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी को अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

डोडा के पोंडा में खाई में गिरा टेंपों ट्रेवलर, पांच की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में बड़ा हादसा हुआ है।

यहां एक टेंपों ट्रेवलर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 यात्री घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के पोंडा इलाके में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यात्रियों से भरा एक टेंपों ट्रेवलर अचानक बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

तुम कांवड़ लेने मत जाना... ज्ञान का दीप जलाना छात्रों को यह गीत सुनाने वाले शिक्षक पर मुकदमा

बरेली। बरेली के बहेड़ी में महाकाल सेवा समिति की तहरीर पर पुलिस ने एमजीएम इंटर कॉलेज के शिक्षक रजनीश गंगवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रजनीश गंगवार का कांवड़ न ले जाने को लेकर एक कविता गाते वीडियो वायरल हुआ था। इसका लोग विरोध कर रहे थे। महाकाल सेवा समिति ने उनके खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला: एमजीएम इंटर कॉलेज के अध्यापक रजनीश गंगवार का वीडियो वायरल होने के बाद से विवाद पनपा है। दरअसल, शिक्षक ने प्रार्थना स्थल पर बच्चों के सामने 'तुम कांवड़ लेने मत जाना... ज्ञान का दीप जलाना' गीत गाया था। कई लोग इसे धर्म विशेष की भावनाओं से जोड़कर देख रहे हैं। हिंदूवादी संगठन के लोगों ने एतराज जताकर कार्रवाई की मांग की। वहीं कुछ लोगों ने शिक्षक की बात का समर्थन भी किया है। सोशल मीडिया पर लोग इस गीत के साथ तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

इस मामले में शिक्षक रजनीश ने खुद को बेकसूर बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए यह गीत गाया था, किसी धर्म के विरुद्ध कोई बात नहीं कही है। वहीं डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो के बारे में जांच कराई गई। इसमें शिक्षक से भी स्पष्टीकरण लिया गया है। शिक्षक की मंशा खराब नहीं है। वीडियो पहले का है, किसी ने तूल देने के लिए जानबूझकर सावन के दिनों में इसे वायरल किया है।

इथेनॉल आयात पर प्रतिबंध जारी रखने का किया आग्रह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) ने सरकार से इथेनॉल आयात पर प्रतिबंध जारी रखने का आग्रह किया है। मौजूदा समय में इथेनॉल का उपयोग पेट्रोल में मिश्रण के लिए किया जा रहा है। इससे गन्ना किसानों को भी फायदा हो रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में आईएसएमए ने उन मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला दिया है, जिनमें अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के तहत ईंधन मिश्रण के लिए इथेनॉल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर विचार किए जाने की संभावना जताई गई है। पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति पर आधारित सरकार की स्पष्ट और दूरदर्शी नीतिगत दिशा के कारण इथेनॉल आयात को 'प्रतिबंधित' श्रेणी में रखा गया है। इसने एक आत्मनिर्भर घरेलू इथेनॉल अर्थव्यवस्था के लिए एक ठोस आधार तैयार किया है। पत्र में कहा गया कि ब्याज अनुदान योजनाओं और सुविधाजनक नियामक पारिस्थितिकी तंत्र ने पूरे भारत में स्वदेशी इथेनॉल क्षमताओं की स्थापना और विस्तार को गति दी है। इन ऐतिहासिक हस्तक्षेपों ने गन्ना किसानों के लिए समय पर भुगतान और बढ़ी हुई आय सुनिश्चित करने, आयातित कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता को कम करने और स्वच्छ एवं टिकाऊ जैव ईंधन को बढ़ावा देने जैसे कई राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त किया है। पत्र के अनुसार, समन्वित प्रयास के कारण 2018 से भारत की इथेनॉल उत्पादन क्षमता में 140 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिसमें 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। इथेनॉल मिश्रण पहले ही 18.86 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

कांवड़ यात्रा पथ पर दुकानों में अनिवार्य क्यूआर कोड मामले में अदालत सख्त

नई दिल्ली। कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों पर क्यूआर कोड

लगाने और दुकान मालिकों की पहचान उजागर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही 22 जुलाई तक जवाब मांगा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के निर्देशों पर रोक लगा दी थी।

यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा टली

नई दिल्ली/सना। केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में होने वाली फांसी की सजा टल गई है। निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को अपने बिजनेस पार्टनर तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फांसी की सजा दी जानी थी। केरल के प्रभावशाली सुन्नी मुस्लिम नेता कंथापुरम ए पी अबूबकर मुसलियार और भारत सरकार के हस्तक्षेप से हो रही बातचीत के बाद यमन के स्थानीय अधिकारियों ने निमिषा की सजा स्थगित कर दी है।



बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में निमिषा प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ आपसी सहमति से समाधान निकालने के लिए और समय देने के लिए लगातार प्रयास किए। भारतीय अधिकारी यमन के जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क में रहे हैं। बता दें कि निमिषा प्रिया पर आरोप है कि उन्होंने साल 2017 में अपने यमनी बिजनेस पार्टनर तालाल अब्दो महदी की हत्या की थी। इस मामले में उन्हें 2020 में मौत की सजा सुनाई गई थी और उनकी अंतिम अपील 2023 में खारिज हो गई। 16 जुलाई 2025 को उन्हें फांसी देने की तारीख तय की गई थी।

निर्देश | *देश में बढ़ते मोटापे के संकट को रोका जा सकेगा*

पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के अगले हिस्से में पोषण लेबल हो अनिवार्य : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को पैक्ड खाद्य पदार्थों पर फ्रंट-ऑफ-पैक न्यूट्रिशन लेबल लागू करने का निर्देश दिया है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, जो संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की।

एफएसएसएआई और एफओपी क्या है?: एफएसएसएआई एक स्वायत्त निकाय है, जो भारत में खाद्य सुरक्षा और मानकों को बनाए रखने के

लिए जिम्मेदार है। यह सुनिश्चित करता है कि देश में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थ सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

फ्रंट-ऑफ-पैक (FOP) पोषण लेबल, खाद्य पदार्थों के पैकेज के सामने की तरफ दी गई जानकारी है, जो उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद करती है कि कोई उत्पाद कितना स्वस्थ है। यह जानकारी अक्सर एक सरल, संक्षिप्त और ग्राफिक्र प्रारूप में प्रस्तुत की जाती है, जैसे कि रंग-कोडित प्रणाली या प्रतीक।

देवड़ा ने ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली की सिफारीश की

देवड़ा ने लिखा कि मैंने सिंगापुर की स्पष्ट ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली का अध्ययन करने की सिफारिश की है। देवड़ा की पोस्ट के अनुसार इस कदम से एफएसएसएआई को बिना किसी देरी के अनुपालन करने और भारतीय उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इससे देश में बढ़ते मोटापे के संकट को रोका जा सकेगा। ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली खाद्य पदार्थों में, एक ग्रेडिंग प्रणाली है जो खाद्य पदार्थों को उनके पोषण मूल्य के आधार पर वर्गीकृत करती है। यह प्रणाली खाद्य पदार्थों को (सबसे अच्छा) से ष्ठ (सबसे खराब) तक के ग्रेड में विभाजित करती है। सोमवार को देवड़ा ने कहा कि भारत को बढ़ते मोटापे की समस्या से निपटने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों के साथ-साथ जलेबी और समोसे जैसे भारतीय स्नैक्स पर भी नियंत्रण रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह कदम कार्यस्थलों में स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रमुख पहल का हिस्सा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रस्ताव

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में विभिन्न स्थानों पर स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने के लिए चीनी और तेल बोर्ड बनाने का प्रस्ताव दिया है। मंत्रालय के प्रस्ताव के अनुसार, ये बोर्ड स्कूलों, दफ्तरों और सार्वजनिक संस्थानों में दृश्यात्मक व्यवहारिक संकेतों के रूप में काम करेंगे। इन पर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में छिपे वसा और शक्कर की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...

2 | देश-विदेश
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, बुधवार, 16 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 153 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की शिक्षक सहित दो की हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित पिलूर गांव के जंगलों में मंगलवार को दो लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों में से एक की पहचान विनोद माडे के रूप में हुई, जो एक स्थानीय शिक्षक (शिक्षा दूत) थे। खबरों के अनुसार, माओवादियों ने उन्हें सोमवार शाम को अगवा कर लिया था। विनोद का शव और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति का शव फरसगढ़ पुलिस स्टेशन के पास मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस माओवादियों की तलाश में गांव पहुंच गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस मुखबिरी के संदेह में उनकी हत्याएं की गई हैं, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मीडिया के अनुसार, नक्सलियों ने शवों के पास पर्चे छोड़े, जिसमें पीड़ितों पर सुरक्षा बलों को जानकारी देने का आरोप लगाया गया था। इस घटना ने क्षेत्र में फिर से डर पैदा कर दिया है, जो लंबे समय से माओवादी विद्रोह का गढ़ रहा है। पिछले दो हफ्तों में बीजापुर में ऐसी ही छह हत्याएं हो चुकी हैं, जिनमें दो छात्र भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केन्द्र से मंजूरी, राज्य से 30 बांग्लादेशी नागरिक डिपोर्ट

■ रायपुर-दुर्ग-राजनांदगांव और रायगढ़ से घुसपैठियों को फ्लाइट से गुवाहटी ले गई पुलिस; बीएसएफ को सौंपेगी

रायपुर/ गुवाहाटी /नवप्रदेश। केंद्र सरकार से डिपोर्ट की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट के जरिए गुवाहाटी भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक घुसपैठियों को रायपुर पुलिस बीएसएफ को सौंपेगी, फिर असम से बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ के जरिए डिपोर्ट प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह सारी प्रक्रिया आज ही पूरी होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, घुसपैठियों के संदर्भ में एक एसटीएफ (विशेष कार्य बल) का गठन किया गया है। एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जहां भी घुसपैठी मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर-दुर्ग, राजनांदगांव और रायगढ़ से पकड़े गए लोगों किया गया डिपोर्ट: इस डिपोर्ट प्रक्रिया में रायपुर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

होटल सागर के मालिक विजय अग्रवाल के यहां ईडी का छापा

■ रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर और होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक विजय के यहां दबिश

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छत्तीसगढ़ में छापेमारी कार्रवाई जारी है। रायपुर में रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर के यहां और दुर्ग जिले में होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक के दीपक नगर स्थित घर में ईडी की रेड पड़ी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्ग में सुबह 6 बजे तीन इनोवा में सवार होकर टीम पहुंची। बताया जाता है कि इस ग्रुप के अलग-अलग नाम से कई फर्म हैं। इस समहू के परिवार से जुड़े सदस्यों ने छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम किया था। होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक विजय अग्रवाल हैं। वो दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के बड़े कारोबारियों में से एक हैं। सीआरपीएफ के जवान कारोबारी के घर पर मुस्तैद हैं। बताया जा रहा है कि मनी-लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। रेल नीर घोटाला में भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 75 साल की आयु पूरी करने वाले नेताओं की सेवानिवृत्ति पर कटाक्ष क्या कर दिया विपक्ष की बांछे खिल गई। वे कूद कर इस नतीजे पर पहुंच गये कि जिस नरेन्द्र मोदी को वो हरा नहीं पा रहे हैं वे खुद झोला उठाकर निकल लेंगे। पवन खेड़ा से लेकर संजय राउत तक कई नेताओं के दिल बल्लियों उछल रहे हैं। वह यह उम्मीद कर रहे हैं कि राजनीति की पिच पर चौकों छक्कों की बरसात कर शतक पर शतक जडऩे वाले मोदी जल्द हिट विकेट होकर पवेलियलन लौट जाएंगे। दिल को बहलाने के लिए ये ख्याल अच्छा है।

एआईएमआईएम को राहत: सुप्रीम कोर्ट में मान्यता रद्द करने की याचिका ली वापस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। याचिकाकर्ता ने पार्टी की मान्यता रद्द करने की मांग को लेकर दायर याचिका वापस ले ली है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी है कि वह नई याचिका दाखिल कर सकता है। यह याचिका शिवसेना (तेलंगाना विंग) के अध्यक्ष तिरुपति नरसिम्हा मुरारी की ओर से दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील विष्णु शंकर जैन ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि एआईएमआईएम संविधान में निहित सेक्युलरिज्म के सिद्धांत का पालन नहीं करती है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी केवल एक विशेष समुदाय के हितों की बात करती है, जो कि भारतीय संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के खिलाफ है।

निर्माता-अभिनेता धीरज कुमार का निधन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्मकार धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे।

धीरज कुमार सोमवार को सांस लेने में तकलीफ कारण मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां सुबह उनका निधन हो गया।

सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (सिन्टा) ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स पर धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए लिखा, श्री धीरेज कुमार जी के निधन से हम दुखी हैं। वह 1970 से सिन्टा के एक आदरणीय सदस्य रहे हैं, उनके योगदान और उपस्थिति को हम हमेशा याद रखेंगे, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनायें हैं, ओम शांति।

धीरज कुमार ने सत्तर के दशक में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और 'दीदार, 'रातों का राजा, 'बहारों फूल बरसाओ, 'रोटी कपड़ा और मकान, 'शराफत छोड़ दी मैंने, 'क्रांति और 'मान भरो सजना जैसी कई हिट फिल्मों में अहम किरदार निभाये थे।

18 दिन बाद धरती पर रखा कदम

पृथ्वी पर शुभांशु का शुभागमन

नई दिल्ली/ए.। 15 जुलाई 2025, दोपहर 3:00 बजे एक ऐतिहासिक पल आया जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा के बाद धरती पर लौट आए। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम मिशन 4 का हिस्सा थी। शुभांशु स्पेसएक्स के ग्रेस यान से लौटे और कैलिफोर्निया तट के पास प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग की। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए गर्व का क्षण है।

सफर और लौटने की तैयारी

शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च हुए थे। 26 जून को आईएसएस से जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिसमें मांसपेशियों की हानि, मानसिक स्वास्थ्य और अंतरिक्ष में फसल उगाने जैसे शोध शामिल थे।

14 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे ग्रेस यान आईएसएस से अलग हुआ। पृथ्वी की ओर बढ़ा. लैंडिंग से पहले, ग्रेस यान ने कई चरणों से गुजरा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने जताई खुशी

शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 20 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र पर लैंड किया। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले शाम आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर हर्ष जताया है। उन्होंने अंतरिक्ष से धरती पर लौटने की इस यात्रा को मील का पत्थर करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए कहा, मैं पूरे देश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री साय ने Axiom-4 मिशन की ऐतिहासिक सफलता पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने Axiom-4 अंतरिक्ष मिशन की ऐतिहासिक सफलता और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी पर भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि, गगनयान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

माता-पिता खुश, बोले - "वह देश का बेटा, सभी के लिए गर्व का पल'

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सकुशल पृथ्वी पर लौट आने से देशवासियों में खुशी की लहर है। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला और माता आशा शुक्ला ने इस ऐतिहासिक क्षण पर अपनी भावनाएं साझा कीं।

शंभू दयाल शुक्ला ने गर्व से कहा, 'मेरे बेटे की अंतरिक्ष यात्रा मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह देशवासियों के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन से ही संभव हुआ। उन्होंने बताया कि त्रिवेंद्रम में जब मेरे बेटे शुभांशु को 'एस्ट्रोनॉट विंग प्रदान किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मानसूत्र सत्र के दूसरे दिन सदन में जलजीवन मिशन का मामला गरमाया

■ भूपेश ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया, डिप्टी सीएम बोले - कांग्रेस सरकार में सिर्फ नलों की टोंटियां लगी, लोगों को नहीं मिला पानी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को आज भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। जल जीवन मिशन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्षी विधायकों ने सदन से वाक आउट कर दिया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सवाल पर डिप्टी सीएम और पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि 7 महीने में 10 लाख नल कनेक्शन दिए गए हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जल जीवन मिशन योजना पर सिर्फ 3 हजार 500 करोड़ खर्च हुए। सिर्फ 57 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सका है।

इतना ही नहीं योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए विपक्षी विधायकों ने सरकार पर गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में भारी गड़बड़ी की गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष ने किया वाकआउट

रमन ने टोका - प्रश्नकाल में हंगामा करना उचित नहीं

लगातार हंगामे के बीच स्पीकर डॉ रमन ने पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को टोकते हुए कहा कि आसंदी की मर्यादा का ध्यान रखें। प्रश्नकाल में हंगामा करना उचित नहीं है। पूरा देश छत्तीसगढ़ की कार्यवाही को देखता है। सदन की मर्यादाओं का पालन हम सभी को करना होगा। दरअसल बहस के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के बीच तीखी बहस होने लगी।

सिंहदेव ने उद्योगों से मिले सीएसआर का मामला उठाया

आज प्रश्नकाल शुरू होते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक किरण सिंहदेव ने बस्तर संभाग में उद्योगों से मिले सीएसआर मद की राशि का मामला उठाया। किरण सिंहदेव ने कहा कि सीएसआर मद से 21 करोड़ की राशि की जानकारी आई है। इसमें 7 करोड़ 44 करोड़ की राशि किस मद में खर्च हुई? किन-किन कामों में खर्च हुई है। इसके जवाब में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि किन-किन मदों में राशि खर्च की गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति जिनपिंग से की मुलाकात

भारत-चीन संबंधों पर हुई चर्चा

बीजिंग (आईएएनएस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति पर चर्चा की। जयशंकर ने इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीनी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं।

यह बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक के हिस्से के रूप में हुई, जिसमें विदेश मंत्रियों ने चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात की।

जयशंकर ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज सुबह बीजिंग में अपने साथी एससीओ विदेश मंत्रियों के साथ ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हाल की प्रगति के बारे में बताया। इस संबंध में हमारे नेताओं के मार्गदर्शन को महत्व देते हैं।

मई 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद विदेश मंत्री जयशंकर चीन की अपनी पहली यात्रा पर हैं। वे तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक (सीएफएम) में भाग लेने के लिए चीन में हैं।

बिहार में मतदाता सूची के लिए 86.32 प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा, 10 दिन शेष

पटना(आईएएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा है। राज्य में अब तक 86.32 प्रतिशत गणना प्रपत्र एकत्र किए गए हैं। 10 दिन और शेष हैं। बीएलओ द्वारा व्यक्तिगत रूप से बचे मतदाताओं से संपर्क किया जाएगा।

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा मंगलवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शेष मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्र (ईएफ) एकत्र करने के लिए लगभग 1 लाख बीएलओ द्वारा घरों का दौरा जल्द ही शुरू होगा। बीएलओ उन घरों का भी फिर से दौरा करेंगे जहां मतदाता पिछले दौरों

तेजस मार्क-1ए के लिए मिला इंजन वायुसेना को मिलेंगे नए फाइटर जेट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय फाइटर जेट तेजस मार्क-1ए के निर्माण में अब तेजी आएगी। इस लड़ाकू विमान के लिए अमेरिकी कंपनी ने भारत को जेट इंजन की सप्लाई शुरू कर दी है। स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क-1ए के लिए सोमवार को भारत को जीई-404 इंजन प्राप्त हुआ।

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह अमेरिकी कंपनी से मिला दूसरा जेट इंजन है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय विमानन कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) तेजस का निर्माण कर रही है। जानकारी के मुताबिक एचएएल को इस वित्त वर्ष के अंत तक कुल 12 जीई-404 इंजन मिलने हैं। ये सभी

इंजन भारतीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए में लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना ने अपनी फ्लीट के लिए 83 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है। दरअसल भारतीय वायुसेना को नए लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। इसके लिए वायुसेना ने स्वदेशी लड़ाकू का विकल्प चुना है। इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में हो रही देरी को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह विभिन्न मौकों पर अपना बात भी रख चुके हैं।

उत्तराखंड : पिथौरागढ़ में मैक्स गाड़ी खाई में गिरी, आठ की मौत

पिथौरागढ़ (आईएएनएस)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुवानी क्षेत्र से मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जहां मुवानी से बोकटा जा रही मैक्स गाड़ी 150 मीटर खाई में जा गिरी। इस गाड़ी नें 13 लोग सवार थे, जिसमें से आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ये हादसा शुनी पुल के पास हुआ हैं। जिसके बाद आनन-फानन में प्रशासन के आला-अधिकारी मौके पर पहुंचे। आपदा प्रबंधन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन किया और लोगों को बाहर निकाला।

गरमा - गरम

पहल... पारदर्शी, वैज्ञानिक और जनहितैषी खनिज नीति के तहत रेत खनन व्यवस्था को मिल रहा नया स्वरूप

रेत खनन में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में रेत खनन नीति को अधिक पारदर्शी, संगठित, पर्यावरण-संवेदनशील और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से व्यापक कदम उठाए गए हैं। पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल के दौरान राज्य में संचालित रेत खदानों की संख्या 300 से घटकर लगभग 100-150 रह गई थी, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हुए और अवैध खनन को बढ़ावा मिला। वर्तमान सरकार द्वारा खनिज नीति में सुधार कर रेत खनन की व्यवस्था को संगठित, नियंत्रित और जनहितकारी बनाया गया है।

वैध खदानों की संख्या में वृद्धि

वर्तमान में 119 रेत खदानें पर्यावरणीय स्वीकृति के साथ विधिवत संचालित हैं, जबकि 94 अन्य खदानों की मंजूरी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। साथ ही, आगामी 1 से 1.5 वर्षों में 300 से अधिक नई खदानों को स्वीकृति दिए जाने की योजना है, जिससे रेत की आपूर्ति सुलभ बनी रहेगी और निर्माण कार्यों को गति मिलेगी।

आईआईटी रुड़की की रिपोटर्: वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खनन

प्रमुख नदियों पर खनन के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर आईआईटी रुड़की से कराए गए अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है कि विधिवत और नियंत्रित रेत खनन से नदियों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। यह रिपोर्ट राज्य की वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित खनिज नीति को समर्थन प्रदान करती है।

पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रिया में तीव्रता : राज्य में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया को गति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नए बीजेपी अध्यक्ष की चर्चा ने बढ़ाया सस्पेंस

नई दिल्ली/ए.। भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इसी बीच सरकार राज्यपालों में भी बदलाव कर रही है और राज्यसभा के लिए नेता चुने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले कैबिनेट में संभावित फेरबदल के संकेत हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर भाजपा या एनडीए सरकार के किसी दल की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि इन बदलावों के जरिए कैबिनेट फेरबदल के लिए जमीन तैयार की जा रही है। हाल ही में हरियाणा, गोवा के लिए राज्यपाल और लद्दाख के लिए उपराज्यपालों की नियुक्ति की है। इससे एक दिन पहले ही एडवोकेट उवल निकम, मीनाक्षी जैन, हर्षवर्दन श्रृंगला और सी सदानंद मास्टर को राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया गया है। अखबार से बातचीत में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'बड़े मंत्रालय वाले अधिकांश मंत्रियों को पिछली मोदी सरकार से रिपीट किया गया है...।

सुविचार

यह जुबान का ही करिश्मा है कि मीठा बोलने वाले की मिर्ची भी बिक जाती है लेकिन कड़वा बोलने वाला का शहद नहीं बिक पाता। - अज्ञात

एफएटीएफ ने किया पाकिस्तान को बेनकाब

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय कार्यवाही कार्यदल (एफएटीएफ) ने अपनी एक सौ पेज की रिपोर्ट में आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि पाकिस्तान को बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रहा है। गौरजलब है कि एफएटीएफ ने 2022 तक पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाल दिया था। जिसकी वजह से पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय वित्तिय संस्थानों से मदद नहीं मिल पा रही थी। उसके रोने गिड़गिड़ाने पर यदि विश्व बैंक सहित अन्य वित्तिय संस्थान उसे थोड़ा बहुत कर्ज देते भी थे इसके लिए पाकिस्तान पर कड़ी शर्तें लगाई जाती थी। नतीजतन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था खोखली होती गई। 2022 में पाकिस्तान ने अपने आका अमेरिका की मदद से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर होने में जैसे तैसे सफलता पाई थी और उसने यह झूठ बोला था कि पाकिस्तान ने अब आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। किन्तु पाकिस्तान ने कभी आतंकवाद की आग को हवा देना बंद नहीं किया। भारत लगातार पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर बेनकाब करता रहा और उसे विश्व बैंक सहित अन्य वित्तिय संस्थानों से मदद मिलने पर आपत्ति उठाता रहा। किन्तु अमेरिका की सह पर पाकिस्तान को इन संस्थानों से आर्थिक मदद मुहैया होती रही। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भी अमेरिका के इशारे पर पाकिस्तान को विश्व बैंक से कर्ज मिल ही गया। इसका भारत ने कड़ा विरोध किया था। बहरहाल अब एफएटीएफ ने अपने रिपोर्ट में पाकिस्तान को आइना दिखा दिया है और इससे भारत का दावा सही साबित हुआ है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान में आतंकवादी खुलेआम घूम रहे हैं और आतंकी संगठनों को पाकिस्तान सेना संरक्षण दे रही है। पाकिस्तान इन आतंकवादी संगठनों को न सिर्फ मदद दे रहा है बल्कि इनके जरिये वह भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने के नापाक मनसूबे भी पाले हुए है। भारत द्वारा आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के आतंकी अड्डो को तबाह किये जाने से भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया है और वह फिर से आतंकी ठिकानों को आबाद करने में जुटा हुआ है। बहरहाल भारत की पहल पर अब एफएटीएफ ने पाकिस्तान के प्रति कठोर रूख अख्तियार किया है जिसकी अगली मीटिंग में पाकिस्तान के बारे में फैसला लिया जाएगा। उसे फिर से ग्रे लिस्ट में या फिर ब्लैक लिस्ट में डाला जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से आर्थिक मदद नहीं मिल पाएगी।

इंग्लैंड ने मैच जीता टीम इंडिया दिल

क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉड्स में खेले गये तीसरे टेस्ट मैच में भले ही इंग्लैंड ने जीत हासिल की हो लेकिन टीम इंडिया ने जुझारूपन दिखाते हुए करोड़ो क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीत लिया। खेल में हार और जीत तो होती ही रहती है किन्तु भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया यह तीसरा टेस्ट मैच यादगार बन गया। इसमें वंडे और टी-20 के रोमांच को भी पीछे छोड़ दिया। दूसरी पारी में इंग्लैंड द्वारा दिये गये 193 रनों का लक्ष्य कोई कठिन नहीं था लेकिन टीम इंडिया का टॉप आर्डर बूरी तरह फेल हो गया। तब लगा था कि टीम इंडिया यह मैच शर्मनाक ढंग से हार जाएगी। किन्तु भारतीय टीम के ऑल राउंडर रविन्द्र जडेजा ने अकेले अपने दम पर किला फताह करने की भरपूर कोशिश की और उन्होंने 61 रनों की नाबाद पारी खेलकर भारत के जीत की संभावाना जगा ली थी। रविन्द्र जड़ेजा को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ही बॉलरों ने विकेट पर टिक कर रविन्द्र जडेजा का अच्छा साथ निभाया किन्तु मोहम्मद सिराज दुर्भाग्यजनक तरीके से आउट हो गये और भारत इस रोमांचक मैच में 22 रनों से हार गया। किन्तु रविन्द्र जड़ेजा और मोहम्मद सिराज ने तो इंग्लैंड के खिलाड़ियों का भी दिल जीत लिया। हार के बाद जब रविन्द्र जड़ेजा और मोहम्मउ सिराज पिच पर निराश होकर बैठ गये थे तो खेल भावना का परिचय देते हुए इंग्लैंड के कप्तान बेन स्ट्रोक और अन्य खिलाड़ी उन दोनों के पास पहुंचे और उनकी पीठ थपथपा कर उन्हें ढांढस बंधाया। वाकई भारत भले ही यह मैच हार गया लेकिन उसने अंत तक जीत का जो जज्बा दिखाया वह काबिल-ए तारीफ है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जब हम ज्ञान का उपयोग अहंकार के लिए करते हैं तो अहंकार हमारा बढ़ता जाता है और ज्ञान के मूल स्त्रोत से हमारा परिचय घटता जाता है।

◆ अभावग्रस्त आदमी के पास आप बैठोगे तो विचलित हो जाओगे तो ऐसे किसी भरे पूरे के पास बैठो जिसके पास सब भरा हुआ है अर्थात हरि गुरु प्रेम से भरा हुआ है तो आप उसकी परम शांति पाओगे।

वह आनंद ही अलग है, वह मस्ती ही अलग है!

◆ व्यक्ति सुख की आकांक्षा कर रहा है और नित्य प्रतिदिन दुख बढ़ते जा रहे हैं। हर व्यक्ति अपने आपको भरना चाहता है कोई अहंकार से भरना चाह रहा है अपने आप को, कोई धन से भरना चाह रहा है, कोई मान प्रतिष्ठा से भरना चाह रहा है लेकिन भीतर से अभी भी खाली है एकदम ! क्योंकि यहाँ तो भरना दूसरा कुछ है - कृष्ण को, परमात्मा को, बोध को भरना है। बोध इसलिए क्योंकि कभी किसी की भूख जगत की वस्तुओं के संग्रह के लिए कभी नहीं मिटती।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1790 अमेरिकी कांग्रेस ने कोलंबिया की स्थापना की। 1942 फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिस ने 13,152 यहूदियों को गिरफ्तार किया। 1942 संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिनलैंड के साथ राजनयिक संबंध ख़तम किया। 1945अमरीका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया। 1951 एशिया का देश नेपाल, ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ। 1951 द कैचर इन द राई, जो एक अमेरिकी आने वाला उपन्यास है, जो जे.डी. सालिंगर द्वारा प्रकाशित किया गया था। 1988 पडी एशडाउन ब्रिटेन में लिबरल डेमोक्रेट के नेता बने। 2009 आइसलैंड की संसद यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए वोट करती है। 2010 अमेरिका में जन्मे मुस्लिम धर्मगुरु अनवर अल-अवलाकी को अमेरिका में 'ब्लैक लिस्ट' में रखा गया है। 2015 वैज्ञानिकों ने प्लूटो ग्रह की क्लोज़-अप तस्वीरें जारी कीं।

योगेश कुमार गोयल

डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी का आर्थिक मूल्य भी तेजी से बढ़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर, वॉयस असिस्टेंट्स, एआई चैटबॉट्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में हिन्दी को प्रमुखता दी जा रही है। तकनीकी उपकरणों में हिन्दी इनपुट और आउटपुट की सुविधा अब आम बात हो चुकी है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान में भी हिन्दी की प्रमुख भूमिका है। हिन्दी की वैश्विक प्रतिष्ठा को विश्व हिन्दी सम्मेलन जैसे आयोजन भी मजबूती दे रहे हैं। 1975 से अब तक यह सम्मेलन भारत, मॉरीशस, अमेरिका, यूके, त्रिनिदाद, फिजी जैसे देशों में आयोजित हो चुका है। इन आयोजनों में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का आधार कहा था। भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान अब हिन्दी में उच्च शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह संस्थान प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी सेवी सम्मान' प्रदान करता है, जो हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिए जाते हैं।

हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए, उसे क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए

हिन्दी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, अस्मिता और स्वाभिमान की प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति की वह अदृश्य डोर है, जो देश के कोने-कोने को जोड़ती है। दुर्भाग्यवश हिन्दी जब अपनी वैश्विक उड़ान भर रही है, उसी समय देश के भीतर कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थों के कारण हिन्दी का विरोध हो रहा है। खासकर महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मुंबई में हिन्दी फिल्मों का केंद्र है, वहां हिन्दी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और हिन्दी बोलने वालों पर हमले की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह विडंबना ही है कि एक ओर जहां दुनिया हिन्दी को सम्मान दे रही है, वहीं भारत में कुछ शक्तियां इसे राजनीतिक हथियार बना रही हैं।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफवैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। आज जब हिन्दी आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से दुनिया में भारत की पहचान बन रही है, तब इसे विरोध का विषय बनाना केवल संकीर्ण राजनीति का परिचायक है।

दुनियाभर में आज जब अपनी-अपनी भाषाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है, ऐसे समय में हिन्दी न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए। विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'एथ्नोलॉग' की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022

में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती।

दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है।

यूजीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में हिन्दी सीखने आने वाले विदेशी विद्यार्थियों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित फिजी में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। वहां फिजी हिन्दी महापरिषद जैसी संस्थाएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। मॉरीशस में 2002 में स्थापित विश्व हिन्दी सचिवालय हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय प्रसार का सशक्त मंच बना हुआ है। यहां से विश्व हिन्दी पत्रिका और विश्व हिन्दी समाचार जैसे प्रकाशनों के जरिए हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत की जा रही है। रूस में भी हिन्दी साहित्य का प्रभाव गहराता जा रहा है। अनेक रूसी विद्वान तुलसीदास, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा जैसे भारतीय लेखकों के साहित्य का रूसी में अनुवाद कर रहे हैं। रूस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा और साहित्य का व्यापक अध्ययन होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यिक दृष्टि से भी हिन्दी की जड़ें वैश्विक धरातल पर गहरी हो रही हैं।

हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। 'बच्चा', 'अच्छा', 'दादागिरी', 'पंडित', 'जुगाड़', 'गुलाब जामुन' जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं। यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की 'ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर' संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता आज अमेरिका, इंग्लैंड, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की तक फैली है। कई देशों में हिन्दी फिल्मों के रेडियो चौनल, टीवी चैनल, फिल्म समारोह और लाइव शो आयोजित किए जाते हैं, जो हिन्दी को सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं।

किशन सनमुखदास भावनानीं

पीएम स्किल्स विकास योजना (पीएमकेवीवाई): 2015 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मुफ्त स्किल्स प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना-यह भारत के युवाओं को 400 सेअधिक स्किल्स पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर रोजगार योग्य स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए 2021 की शुरुआत की गई है। पूर्व सीखने की मान्यताः इसे 2015 में व्यक्तियों द्वारा अर्जित पूर्व स्किल्स को पहचानने के लिए लॉन्च किया गया था। यह पीएमके वीवाई के प्रमुख घटकों में से एक है। इसके तहत एक निश्चित स्किल्स वाले या पूर्व सीखने के अनुभव वाले व्यक्तिको राष्ट्रीय स्किल्स योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुसार ग्रेड के साथ आरपीएल के तहत मूल्यांकन और प्रमाणित किया जाता है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजनाः इसके साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों के लिए अपनी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन कैरियर स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 में शुरू की गई।कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन (स्मार्ट): यह एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग प्रदान करता है।

कौशलता विकास एक संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र है

एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण

सृष्टि रचयिता ने मानव को प्राकृतिक रूप से बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना दिया है।बस! ज़रूरत है उसे पहचान कर निखारने की,जिसके बलपर सफ़लताओं की हदें पार की जा सकती है! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि खास करके हर मानव में अपने अपने स्तरपर अलग-अलग कौशलता समाई हुई है, बस इसे पहचान कर उसका विकास करना है, जिसे हम कौशलता विकास दिवस के नाम से मनातें हैं।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम 15 जुलाई 2025 को विश्व युवा कौशलता दिवस मना रहे हैं, इसे 2014 से संयुक्त राष्ट्र ने 15 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसे प्रथम बार 15 जुलाई 2015 को मनाया गया था और हर साल नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण रखा गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से कौशलता विकास पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विश्व युवा कौशल दिवस 2025 की करें तो, सामाजिक-आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयास है जो जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, निरंतर गरीबी, बढ़ती असमानता, तेजी से तकनीकी परिवर्तन, जनसांख्यिकीय संक्रमण और अन्य जैसी चुनौतियों से जुड़े हुए हैं।युवा महिलाओं औरलड़कियों, विकलांग युवाओं, गरीब परिवारों के युवाओं, ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों और अल्पसंख्यक समूहों के साथ-साथ हिंसक संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता के परिणाम भुगतने वाले लोगों को कई कारकों के संयोजन के कारण बाहर रखा जाता है, इसके अलावा, संकट ने काम की दुनियाँ में पहले से ही कई बदलावों को तेज कर दिया है, जो उन कौशल और दक्षताओं के बारे में अनिश्चितता की परतें जोड़ते हैं जिससे हम

कौशलता से ऐसा दक्ष हो जाते है कि हम नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन जाते है। संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियां,जैसे कि यूनेस्को- यूएनईवीओसी, काम की दुनियाँ में पहुंची बाधाओं को कम करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए प्राप्त कौशल को मान्यता प्राप्त और प्रमाणित किया जाता है, और बाहर के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। स्कूली युवा और जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं हैं 2030 एजेंडा के लिए कार्रवाई के इस दशक के दौरान, सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार उत्पन्न करने के लिए वैश्विक प्रक्रियाओं में युवाओं की पूर्ण भागीदारी महत्वपूर्ण है।हमारे माननीय पीएम के ड्रीम प्रोजेक्टस में से एक है। भारत ने इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन किया है जो उचित प्रशिक्षण प्रदान करने, अच्छे काम रोजगार और उद्यमिता के लिए कौशलता प्रदान करने के महत्व पर जोर देता है और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर कौशलता विकास के महत्व पर जन जागरण बहुत ही जोर शोर से करता है। साथियों बात अगर हम विश्व कौशलता दिवस 15 जुलाई 2025 के बारे में जानने की करें तो, थीमः2025 के लिए, विश्व युवा कौशल दिवस की थीम ÷एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण÷ है। महत्वःयह दिन युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) को बढ़ावा देने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में प्रासंगिक कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है।आयोजनःइस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संवाद आयोजित किए जाते हैं, जिनमें युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के बारे में जानकारी दी जाती है।भागीदारीःशिक्षक, अभिभावक, मार्गदर्शक,प्रशिक्षण प्रदाता और अन्य सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि युवा आवश्यक कौशल प्राप्त करें। दिनांक 12 जुलाई 2025 को देर शाम माननीय उपराष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कौशल का विकास के बारे में कहा भारतीय संविधान में 22 दृश्य चित्रणों में एक गुरुकुल की भी छवि है। हम हमेशा से ज्ञान के दान में विश्वास करते रहे हैं। कोचिंग सेंटरों को अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में बदलने के लिए करना चाहिए। मैं सिविल सोसाइटी और मेरे सामने और बाहर मौजूद जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस बीमारी की गंभीरता को समझें। उन्हें शिक्षा में विवेकशीलता बहाल करने के लिए एकजुट होना होगा। हमें कौशल के लिए प्रबल प्रशिक्षण की सख़्त आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम युवा कौशलता के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की करें तो, युवाओं की स्किल डेवलपमेंट के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई): वर्ष 1950 में परिकल्पित, का उद्देश्य भारत में मौजूदा दीर्घकालिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करना है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आंत की भूख से

आंत की भूख से कोई जाने परदेश गया लटका हुआ ताला बहुत कुछ कहता है ससुराल से लौटी बेटी छुपकर जब रोती है चबूतरे पर बैठे पिता के मौन आंसू बहता है उम्मीद की रौशनी जिंदगी को जगाते रहे बूढ़ा बरगद का मन भी यही तो चाहता है दूर कोई मकान रौशनी से जगमगा रहा एक बंजारा मन अपने ही धुन में रहता है नदी तट की खम्बों पर सफेद साड़ी सहमी सी एक विधवा मन जीने के लिये कितना सहता है। - **प्रीति श्रीवास्तव**

हौसला है तो

हौसला है तो अंधेरों से भी लड़ सकते हैं, गिरते हैं फिर भी मज़िलों तक बढ़ सकते हैं। आंधियाँ रास्ता रोकें तो क्या फ़र्क़ पड़े, चट्टानों को चीरकर भी हम चल सकते हैं। हर सुबह एक नई उम्मीद लेकर आती है, थकी हुई रूह को फिर से उड़ान दे जाती है। जो ठान ले दिल से, वो सब कुछ पा सकता है, हौसला ही है जो इंसान को खुदा बना सकता है। - **मधुबाला मौर्या**

श्रावण में निखरा यह यौवन, दैहिक

श्रावण में निखरा यह यौवन, दैहिक ताप बढ़ावन वाला । शीतल बूँद पड़े जब ऊपर, गावत है जियरा मतवाला । बारिश में सखि भीजत चूनर, गर्ज रहा नित बादल काला । अग्न लगावत है बरखा ऋतु, पावस में दहके तन ज्वाला।। - **नीधि मानवी**

प्रीत ने जब मौन स्पंदन किया तो

प्रीत ने जब मौन स्पंदन किया तो, हृदय वीणा के सभी स्वर बोलते हैं, मन हुआ है मधुर चंदन वन सरीखा, आंख में सपने सजीले डोलते हैं। सप्त रंगी स्वप्न सजते इंद्रधनुषी, लाज के घूंघट सभी पट खोलते हैं, प्रेयसी के अधर पर मुस्कान अप्रतिम, उंगलियों में केश उलझे बोलते हैं। - **कुलदीप मिश्रा**

चलो फिर से एक बार अत्याचार हो

चलो फिर से एक बार अत्याचार हो जाये मैं बनूं जनता, और तू सरकार हो जाये भेजना तू मशीन दवाई हर अस्पतालों में विज्ञापन में संवेदना के खूब बौछार हो जाये मैं चीखता रहूं बिस्तर में बेसुध पड़े अस्पताल में अखबार के लिए फिर कोई समाचार हो जाये अगले चुनाव आने पर तू जनता और मैं सरकार लोगों को भरमाने ये हर बार हो जाये। **-संत आर थवाइत**

चार आदमी चार ताने चार से गुणा

चार आदमी चार ताने चार से गुणा सोलह ताने इन सोलह तानो की गिनती रूक गई बाप की बंदूक की गोली से। दो आँखे काम बारह के इज्ज़त चार की तमाशे अठारह के रूक गए सब तमाशे बाप की बंदूक की गोली से। बातें सौ बनी हजार समाज के कारखाने से, पर बातें रूकी नहीं बाप की बंदूक की गोली से। - **दिव्या राकेश शर्मा**

मन से स्वछंद- निर्मल है वो निरंतर है

मन से स्वछंद- निर्मल है वो निरंतर है, भेद कपट रखा ह्रदय जो वो निरुत्तर है,, मीठी नदियाँ हैं अपने अडिग राह पर- पा नदियों को सागर फिर भी बेकरार है। - **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपको धन के साथ ही सम्मान भी दिलाएगा। समाज के उच्च प्रतिष्ठित लोगो से जान-पहचान बढ़ेगी।

वृषः आज का दिन आप निश्चिन्त होकर बिताएंगे कार्य स्थल पर आज व्यवसाय कुछ खास नही रहेगा फिर भी आत्मसंतोष की भावना रहने से मन विचलित नही होगा।

मिथुनः आज के दिन आपके अंदर नई चेतना जागृत होगी। धर्म-कर्म का प्रचार-प्रसार करने में रुचि लेंगे किसी तीर्थ स्थान पर यात्रा की योजना भी बन सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए हानिकारक रहेगा। सेहत में प्रातः काल से ही गिरावट बनेगा जिसका प्रभाव समस्त दिनचार्य पर पड़ेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए उन्नति कारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आशानुकूल सहयोगी वातावरण मिलने से सुव्यवस्था बनाने में सफल रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिये लाभ के साथ ही खर्च वाला भी रहेगा। व्यवसायी वर्ग आज संबंधों से ज्यादा धन को अधिक महत्त्व देंगे।

तुलाः आज आप प्रत्येक कार्यो में आवश्यकता से कुछ अधिक दिमाग लगाएंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा।

धनुः आज का दिन आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। आपको आज आकस्मिक लाभ के साथ ही सामाजिक क्षेत्र से उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान भी मिलेगा।

मकरः आज का दिन शांति से बीतेगा। आज कार्यो के आरम्भ में ज्यादा काम देख कर घबराहट होगी परन्तु थोड़े परिश्रम के बाद सफलता मिल जाएगी।

कुंभः आज के दिन आपके अंदर चंचलता अधिक रहेगी। मन किसी एक निर्णय पर नही टिकने से लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है।

मीनः आज के दिन आप अपनी ही किसी गलती से हानि कराएंगे।

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त : 07:19, चन्द्रोदय : 22:22, चन्द्रास्तः :09:39,अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (कालयुक्त), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : उत्तर भाद्रपद, योग : शोभन, प्रथम करण : कौलव (11:21 तक), द्वितीय करण : तैतिल (22:38 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मीन (23:58 से), मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ,केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) जीजी टाऊ ए प्रणाली क्या है जो हाल ही में खबरों में थी?

2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का आयोजन होगा?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?

5) जनरल उपेंद्र द्विवेदी को हाल ही में किस देश की सेना का मानद जनरल रैंक मिला?

शब्द सागर

बारिश के बाद रोपाई में जुटे किसान

■ गर्मी और उमस भरा हुआ मौसम

महासमुंद/नवप्रदेश। बारिश के बाद बादलों की लुकाछिपी के बीच खेती किसानी का काम जोर पकड़ने लगा है। किसानों खेतों में रोपाई के काम में जुट गए हैं। एक जुलाई से 10 जुलाई तक जिले में 186 मिमी औसत बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन पिछले चार दिनों से आसमान में बादल छाए रहते तो है लेकिन धूप निकलने से एक बार फिर गर्मी और उमस बढ़ गई है जिसका लोगों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है।

जिले में अब तक 346.4 मिमी औसत बारिश हुई है। जिसमें से अधिकांश बारिश 10 जुलाई से पहले हुई है। इसके बाद से बारिश थम सा गया है। पिछले शनिवार व रविवार को जिले में कहीं भी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई। रविवार और सोमवार शाम हुई बारिश ने थोड़ी देर के लिए भले ही गर्मी और उमस से लोगों को राहत दी, लेकिन मंगलवार सुबह से तेज धूप ने तापमान बढ़ा दी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में एक जून से 10 जुलाई के बीच 316.2 मिमी औसत बारिश हुई । जिसमें से अधिकांश बारिश 1 से 10 जुलाई के बीच रिकॉर्ड की गई। 10 जुलाई के बाद आज तक केवल 30.2 मिमी औसत बारिश हुई है। शुक्रवार के बाद सोमवार से आज सुबह तक जिलेभर में मामूली बारिश हुई । जिसमें बसना तहसील में सबसे अधिक 21.6 मिमी, सरायपाली में 19.8 मिमी, पिथौरा में 16.1 मिमी, महासमुंद में 5.1, कोमाखान में 2.5 और बागबाहरा में सबसे कम 1.5 मिमी कुल 11.1 औसत बारिश हुई । एक जून के बाद से अब तक कुल 346.4 मिमी औसत बारिश दर्ज हुई है। बारिश कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है जिससे गर्मी और उमस से लोग हलाकान हैं। आज दोपहर एक बजे तक जिला मुख्यालय में धूप रही और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आगामी 4-5 दिनों में अधिकतम तापमान और बढ़ने की संभावना है।

धर्मान्तरित आदिवासियों को डी-लिस्ट कर आरक्षण से बाहर करे सरकार: भीखम

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील की है कि 2026- 27 में होने वाली जातीय जनगणना में धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से डी-लिस्ट (विलोपित) किया जाए एवं उन्हें आरक्षण सहित सभी संवैधानिक सुविधाओं से वंचित किया जाए।

श्री ठाकुर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जनजाति (स्त्र) का दर्जा और उससे मिलने वाले लाभ केवल उन लोगों के लिए है जो अपनी मूल परंपरा, संस्कृति और आस्था से जुड़े रहते हैं। लेकिन वर्षों से धर्मांतरण के माध्यम से आदिवासी समुदाय में जबरन और छलपूर्वक बदलाव कर उन्हें ईसाई बनाया जा रहा है, जिससे समाज में सांस्कृतिक असंतुलन और आर्थिक - राजनैतिक विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिलना चाहिए जो वास्तव में उपेक्षित और वंचित हैं। लेकिन आज बड़ी संख्या में ऐसे लोग जो ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके हैं, वे भी आदिवासी की श्रेणी में बने रहकर दोहरा लाभ उठा रहे हैं। यह न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि मूल आदिवासी समाज के साथ अन्याय भी है। भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि अब समय आ गया है जब सरकार को डीलिस्टिंग कानून बनाकर जातीय जनगणना में इन लोगों को स्पष्ट रूप से अलग कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मांग को लेकर देशभर में लंबे समय से संघर्ष हो रहा है और कई राष्ट्रवादी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे मुद्दे को वर्षों उठाता आया है। उन्होंने बाबा कार्तिक उरांव का जिक्र करते हुए कहा कि 1967ङ्क70 के बीच संसद में स्पष्ट रूप से यह कहा कि जिन्होंने ईसाई धर्म ग्रहण किया है, उनको (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध नहीं किया गया है, और ना ही (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध किया जा सकता है। उन्हें जनजातियों के आरक्षण-संरक्षण से वंचित होना चाहिए, क्योंकि ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लेने के बाद उनका सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जुड़ाव मूल जनजाति से टूट जाता है।

गांव की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिल के अंतिम छोर पंचायत क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं को लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे सिरधन सोम जनपद सदस्य, ऋषि ओटी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव, भगवान सिंह नेताम, भूपेन्द्र साहू, पीताम्बर सिंह की उपस्थिति में प्रमुख मांगः हाई स्कूल तुमडी बहार को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन. ग्राम लीलांज में विद्युति करण, मेन रोड से लीलांज तक पक्की सड़क अरसीकन्हार से जोरातराई तक पक्की सड़क, गहना सियार से भीरागांव तक पक्की सड़क, थाना मेचका से डेम तक पक्की सड़क उपस्वास्थ्य केंद्र से कासलोर तक पक्की सड़क,तुमडी बहार से दौड़ पंडरीपानी तक पक्की सड़क,. सोदूर डेम जीरो से लेकर ग्राम पंचायत ठेनही, ग्राम पंचायत बेलर बाहरा, ग्राम पंचायत नवागांव सां, ग्राम पंचायत छोटे गोबरा तक नाहर नाली का विस्तार. क्षेत्र के सभी स्कूलों में शिक्षक की कमी को देखते हुए तत्काल पूरा करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।जिससे मांग जल्द से जल्द पूरा करने का निवेदन किया गया।

कलेक्टर के आवेदन पर चालीस दिन में समाधान का अता-पता नहीं

बीईओ की दंबगई से प्रशासन हताश

■ जनता के सुशासन में दिये आवेदन पर समाधान का आस लगाना बेमानी

छुरा/नवप्रदेश। आदिवासी विकास खण्ड छुरा के ब्लाक शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 2-24/2024/20-तीन नवा रायपुर अटल नगर 28-04-025 मंत्रालय महानदी के युक्तियुक्तकरण पर घोर लापरवाही पूर्वक मनमाने ढंग से जिला समिति को बार बार भ्रामक गलत जानकारी देने के कारण बार बार काउंसलिंग की तिथि एवं आदेश में संशोधन करने के साथ पेन्ड्रा हाई स्कूल में वाणिज्य विषय संचालित है लेकिन बीईओ द्वारा जिला कार्यालय को वाणिज्य विषय संचालित नहीं होने की जानकारी दी गई। गरियाबंद कलेक्टर ने अपने ?पत्र क्रमांक 3869/स्थापना/ युक्तियुक्तकरण /2025/ गरियाबंद/ दिनांक 06/06/025 में सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर को चार बिंदु में ब्लाक शिक्षा अधिकारी

किशुन मतावले के लापरवाही पूर्वक युक्तियुक्तकरण कार्य में जिला समिति को काउंसलिंग में हुये परेशानी , एवं युक्तियुक्तकरण कार्य में मनमाने ढंग से लीपापोती करने , शासन के नियमों निर्देश का अवहेलना करना बीईओ द्वारा किए कृत्य को कलेक्टर ने सिविल सेवा आचरण अधिनियम के विरुद्ध पाया। कलेक्टर गरियाबंद ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर को प्रेषित प्रस्ताव में कठोर अनुशासनात्मक,निंलम्बन, विभागीय जांच की सिफारिश किया गया, आज चालीस दिन बाद भी कलेक्टर का प्रस्ताव मंत्रालय में कहां खो गया ? जब कलेक्टर जैसे का शासकीय कागज चालीस दिन में असर नहीं दिखा पाया तो आम जनता का आवेदन का क्या होता होगा।

अपने कार से प्रति दिन की तरह शाम को महासमुंद निवास जा रहा था ? इसी बीच स्कुटी सवार भाई बहन को टक्कर मार दिया स्कुटी सवार भाई बहन घायल हो गए, घटना स्थल पर पुलिस बल पहुंच कर बीईओ के निजी कार एवं स्कुटी को थाना में ? लाकर दो दिन तक रखा रहा ।

कार का इंश्योरेंस जुलाई 2024 में समाप्त हो गया, शासकीय अस्पताल से थाना को सूचना दी गई कि एक्सिडेंटल मरीज़ का इलाज किया जा रहा है पुलिस शासकीय अस्पताल तीन घण्टे तक नहीं पहुंची । दोनों घायल भाई बहन को बीईओ ने प्राइवेट इलाज कराने के लिए निजी अस्पताल ले गया पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं किया बीईओ दो दिन बाद थाना से अपने कार को टोचन कर अन्य वाहन से रायपुर शो रुम ले ? गया । बीईओ का डाक्टरी मुलाहिजा भी नहीं कराया गया । ब्लाक शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले अपने ब्लाक मुख्यालय छुरा में निवास नहीं करते महासमुंद तुम गांव में निवास करते हैं विगत सात बरस से महासमुंद जिला से आना जाना करते हैं , मुख्यालय छोड़ने की अनुमति विभागीय जिला कार्यालय से कभी नहीं लेते । विभाग से मकान भत्ता का क्या लाभ लिया जाता है इसकी जांच होनी चाहिए। ब्लाक शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले के प्राचार्य सजापाली के कार्यकाल का जांच होने से भारी भ्रष्टाचार उजागर होगा।

> सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का हाल इसी तरह है जिस तरह सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय को कलेक्टर गरियाबंद का लिखा पत्र..?
>
> **किशुन मतावले,**
> **ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**

महापौर ने दिखाई अयोध्या के जत्थे को हरी झंडी

■ श्री रामलला अयोध्या धाम यात्रा योजना

धमतरी/नवप्रदेश। धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से सराबोर श्री रामलला अयोध्या धाम यात्रा योजना के अंतर्गत आज धमतरी नगर निगम के तत्वावधान में श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को पवित्र अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया।

नगर निगम परिसर से इस शुभ यात्रा की शुरुआत महापौर रामू रोहरा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। उन्होंने श्रद्धालुओं को तिलक कर, मंगल कामनाओं के साथ यात्रा हेतु हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

महापौर रामू रोहरा ने कहा - भगवान श्रीराम हमारे देश की संस्कृति, आस्था और मर्यादा के प्रतीक हैं। अयोध्या धाम की यह यात्रा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति व ऊर्जा प्रदान करेगी। नगर निगम का यह प्रयास है कि हर आम नागरिक को प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य सरलता से प्राप्त हो।

इस पावन अवसर पर नगर निगम के अधिकारीगण, पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विशेष रूप से - पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय साहू, मुकेश शर्मा, पार्षद विभा चंद्राकर, चंद्रभागा साहू एवं सीमा चौबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार सारथी पिता बाबूलाल सारथी जाति घसिया निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने पुत्र तिलक सारथी पिता श्याम कुमार सारथी का जन्म दिनांक 17/08/2001 को स्थान बलौदाबाजार के घर में हुआ है। जिसका भूलवश नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में जन्म पंजीकरण नहीं करा पाया था, जिसके कारण जन्म पंजीकरण किए जाने का निवेदन किया है। तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र दिनांक 11 जुलाई 2025 का एवं अन्य दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 30.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone03@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना सेजबहार/दतरेंगा, रायुपर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1186 श्रीमती विमला शुक्ला पति स्व. श्री गोपीकांत शुक्ला के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5127 दिनांक 18.10.2006 द्वारा एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 26.06.2009 को सेलडीह पंजीकृत करा लिया गया है। तत्पश्चात वर्तमान में आबंटी श्रीमती विमला शुक्ला पति स्व. श्री गोपीकांत शुक्ला, निवासी शुक्ला सदन, शीतला मंदिर रोड, देवांगन प्रिंटिंग प्रेस के बगल में, संतोषी नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती जानकी साहू पति श्री विजय कुमार साहू निवासी-हाउसिंग बोर्ड कालोनी फेस-1, बिजली आफिस के पास, सेजबहार रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय/ वित्तीय संस्था, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 03, रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ की आज से सामूहिक हड़ताल

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के अधिकारी-कर्मचारी 16 जुलाई से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे। प्रथम दिवस 16 जुलाई को कलेक्टोरेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी कड़ी में 17 जुलाई को विधानसभा का घेराव प्रस्तावित है। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में 16 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे। कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक महासमुंद को ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में पूरे छत्तीसगढ़ में सभी अधिकारी- कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर सरकार के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। उक्त जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खुंटे ने दी है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 834/NIT-5/2025-26/व.ले.लि. | नवा रायपुर, दिनांक 14/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
5 T0022	गरियाबंद जिले के गरियाबंद में नव प्रस्तावित सखी वन स्टाप सेंटर, सीडब्ल्यूसी और जेजेबी भवन में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद)	5.67
5 T0023	एसडीएम कार्यालय राजिम जिला गरियापाबंद में विद्युतीकरण और प्रोजेक्टर, एलईडी एसी की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग विद्युतीकरण कार्य (जमा मद)	4.60
5 T0024	छुरा जिला गरियाबंद में नव प्रस्तावित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद)	4.62

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 28/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें :- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
जी-252602211/2 | **लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम
फोन एवं फैक्स 07741-232226

क्र./438/रा.वि./नपाप/2025-26 | कवर्धा, दिनांक 15/07/2025

:- समयवृद्धि सूचना :-

कार्यालयीन पत्र क्र. 360 दिनांक 30.06.2025 अनुसार कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत निर्मित नवीन बाजार काम्पलेक्स एवं सरदार वल्लभ भाई शापिंग काम्पलेक्सों में भूतल एवं प्रथम तल का आबंटन राईट आफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्ति से आवेदन प्राप्त किया जाना था चूंकि दिनांक 12.07.2025 से 14.07.2025 तक लगातार तीन दिवस का अवकाश होने के कारण आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।

अतः निर्धारित तिथि 16.07.2025 में संशोधन करते हुए कार्यालयीन समय में कक्ष क्रं. 10 से आवेदन प्राप्त कर बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 22.07.2025 को कार्यालयीन समय सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किया जावेगा। निविदा दिनांक 25.07.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान
(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
ईमेल- spm.niwas@gov.in | वेबसाइट- www.spmniwas.in

रोज़गार का मौका

कोलकाता स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जल-सफाई संस्थान में नौकरी के लिए आवेदन मांगा गया है। ई संस्थान जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत।

काम कांट्रैक्ट पर मिलेगा (मतलब - पक्का ना हो, दोबारा रखने जैसा व्यवस्था में)। खाली पद नीचे दिये गये हैं-

1. सेक्शन अफसर (प्रशासन) - 01 पद
2. सेक्शन अफसर (फायनेंस) - 01 पद

योग्यता और बाकी जरूरी बात वेबसाइट www.spmniwas.in पर देख लेवे।
आखिरी तारीख आवेदन भेजे जाने की आखिरी तारीख - 28.07.2025
(नीचे QR कोड दिया है, मोबाइल से स्कैन करके पूरा डिटेल जान सकते हैं)

cbc - 45128/12/0004/2526

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. संभाग क्र.3,
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

NIT-06 /2025-26/वलेलि | दिनांक : 20/06/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 21/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29.07.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
1	सीजीआरआईडीसीएल अंतर्गत बेन्द्री केन्द्री मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. जामगांव गिरोला भेलवाडीह मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. एवं सारखी खोरपा मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. में रोड फर्नीचर का कार्य	4.76 5000.00 75000.00
2	आयुष विश्वविद्यालय सेक्टर 40 नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए ए.टी. एम. बैंक के लिए शेड एवं वाटर कूलर स्टैण्ड कार्य	8.65 6500.00 135000.00
3	छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के मुख्य भवन के प्रथम तल में महिला एवं पुरूष प्रसाधन रिनोवेशन कार्य	7.98 6000.00 120000.00
4	सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर निर्माणाधीन नवीन विधानसभा में लेवलिंग कार्य	9.77 7500.00 150000.00

आवेदन के साथ Registration Copy, GST Certificate, Bank Solvency एवं जी.एस.टी. भुगतान का 3 बी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.ni/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-3
नवा रायपुर अटल नगर
जी-252602200/3

बैड टच मामले में प्रिंसिपल गिरफ्तार

■ छात्र -छात्राओ के विरोध और तालेबंदी के बाद अकलवारा हाई स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल जे.पी. वर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छुरा / नवप्रदेश। आदिवासी ब्लाक छुरा के हायर सेकंडरी स्कूल अकलवारा के प्रभारी प्राचार्य जेपी वर्मा जो आशिक मिजाज के साथ शराब का शौकीन था , जेपी वर्मा जिस भी स्कूल में पदस्थ था सभी स्कूलों में छात्राओं के साथ छेड़खानी का आरोप लगते रहा , जेपी वर्मा सेवानिवृत्त के अंतिम पड़ाव पर है, पाप का घड़ा अनंत फूट गया। जेपी वर्मा ने लोकल क्लास के छात्र-छात्राओं के प्राप्तांक में हेरा फेरी भी किया जिसके विरोध में स्कूल में ताला बंदी भी हुआ, विभाग ने जेपी वर्मा को प्रभार से हटाने का आदेश दे दिया था। आयोग के जांच टीम ने जांच किया तो सत्रह छात्राओं ने सामने आकर जांच टीम को बताया कि नियत खोर जे पी वर्मा अश्लील हरकतें करता था । आयोग जांच दल के रिपोर्ट पर छुरा पुलिस द्वारा जेपी वर्मा को भारतीय दण्ड संहिता 75(2)बी एन एस ,12पास्को एक्ट, 3 (2) (Va) SC के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय के आदेश पर ?जेपी वर्मा को जेल दाखिल किया गया। जेपी वर्मा ने स्कूल के विभिन्न मदों की राशि में फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपए का गबन किया,इसी तरह संकुल केन्द्र को प्राप्त आवंटन में फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपए का गबन किया गया है

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 18/न.पा.नि./जोन क्रमांक-06/2025-26 | रायपुर, दिनांक 14/07/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सीलबंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 29/07/2025 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 05/08/2025 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 06.08.2025 को सुबह 1.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविद आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	श. राजीव पाण्डेय वार्ड क्र. 62 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में नाली/नाला पुलिया, रोड व अन्य संधारण कार्य।	प्रथम	संधारण मद	395000.00	4000.00	750.00	PWD Building & Road SOR 01.01.2015	1 माह
2	चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में नाली, पुलिया रोड व अन्य संधारण कार्य एवं डस्ट फिलिंग कार्य।	प्रथम	संधारण मद	395000.00	4000.00	750.00	PWD Building & Road SOR 01.01.2015	1 माह

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने की तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति
(2) प्रस्तुत दस्तावेज की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तें :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/ फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

उर्वरक वितरण में कालाबाजारी, जमाखोरी और तस्करी रोकने कलेक्टर ने 6 निगरानी दल तैनात किए

टीम उर्वरक से संबंधित शिकायतों, गुप्त सूचनाओं, अनियमित गतिविधियों की निगरानी करेगी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरक की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्शन, जमाखोरी एवं अनियमित बिक्री को रोकने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का गठन किया गया है। यह कंट्रोल रूम जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक-67, उप संचालक कृषि, संयुक्त कलेक्टोरेट भवन बेमेतरा में स्थापित किया गया है।

नियंत्रण कक्ष की निगरानी हेतु छह सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिसमें सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिनसे मोबाइल नंबर 6260907138 पर संपर्क किया जा सकता है। इनके सहयोग हेतु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार धुर्वे (साजा) को नियंत्रण कक्ष सहायक नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 8717872585 है। इसी प्रकार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी देवानंद देवांगन (बेरला) को भी नियंत्रण कक्ष सहायक बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7999972258 है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राकेश कुमार चतुर्वेदी (नवागढ़) को भी सहायक के रूप में दायित्व सौंपा गया है, जिनसे मोबाइल नंबर 9977253850 पर संपर्क किया जा सकता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार साहू (उर्वरक शाखा प्रभारी) को नियंत्रण कक्ष उप सहायक के रूप में रखा गया है, जिनका मोबाइल नंबर 8889443493 है। वहीं वाहन चालक कुलेश्वर सिन्हा को भी इस टीम में शामिल किया गया है, जिनका संपर्क नंबर 8224918363 है।

यह टीम जिले में उर्वरक से संबंधित शिकायतों, गुप्त सूचनाओं, अनियमित गतिविधियों की निगरानी करेगी और ऐसी किसी भी जानकारी पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करेगी। शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु यह टीम समय-समय पर रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी। किसानों से अपील की गई है कि यदि उर्वरक की आपूर्ति, कीमत, या गुणवत्ता को लेकर कोई समस्या या अनियमितता हो तो वे उक्त अधिकारियों से सीधे संपर्क कर जानकारी साझा करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

मोहड़ गोलीकांड में एक और आरोपी ग्वालियर से गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रेत खदान में गोलीकांड केस के एक और फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल आरोपी से फल्ली उर्फ मनू उर्फ मनोज सिकरवार पिता कमल सिंह सिकरवार उम्र 25 साल निवासी ग्राम खिडौरा, थाना चिन्नौनी जिला मुरैना (म.प्र.) को ग्वालियर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार आई-20 क्रमांक एमपी/07/सी.जी./1155 जप्त किया गया है। 11 जून को रात 7 बजे मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। इसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, जहां कार में सवार 7-8 लोगों ने ग्रामीणों से मारपीट करते हुए फायरिंग की। थाना बसंतपुर में अपराध कायम कर विवेचना शुरू की गई।

थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल, निरीक्षक योगेश पटेल, सायबर सेल उप निरीक्षक कैलाश मरई की संयुक्त पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी पतासाजी और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिये दिल्ली, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना आदि जगहों में दबिश दी जा रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में सात आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया है।

न्यूज गैलरी

दिशा की बैठक आज

बालोद। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

शिवसेना ने किया गौसेवकों का सम्मान

राजनांदगांव। शिव सेना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की आम जनता के सुख शांति और समृद्धि के लिए सावन मास के प्रथम सोमवार को 12 ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया गया। सुबह से शाम तक गौ सेवक चरवाहों का गांव-गांव जाकर श्रीफल भेंट कर केसरिया गमछा पहना कर सम्मान किया गया। किसानों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। जिला प्रमुख आकाश सोनी ने बताया कि किसान सेना प्रदेशाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, मनीष तिवारी, विस अध्यक्ष मुकेश साहू, नीलकंठ यादव, संजय यादव की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोनी ने कहा कि गौ हत्या बंद करने, गौ माता को राजकीय पशु घोषित कर राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गांव-गांव स्थित गौठान में कलेक्टर दर पर दो गौ सेवक की नियुक्ति करने, गौ हत्या करने वाले पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। शिव सेना द्वारा अभियान चला कर एक लाख हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा गया है।

नौकरी लगाने के नाम पर महिला से सात लाख की ठगी, गिरफ्तार

खैरागढ़। पारिवारिक परिचय का लाभ उठाकर महिला के बेटे को शिक्षा विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर 6.90 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला को झांसे मे लेकर तीन किश्तों मे राशि वसूल ली। प्रार्थिया ने ठगी का एहसास होने के बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया।भोरमपूर खुर्द निवासी भगवती साहू 52 साल ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि अमलीपारा खैरागढ़ निवासी यतीश सिन्हा के साथ परिचय होने के चलते उसका घर में आना जाना था। इसी दौरान यतीश सिन्हा ने महिला भगवती साहू को शिक्षा विभाग में कई लोगो की नौकरी लगाने का हवाला देकर महिला के बेटे टिकेंद्र साहू की नौकरी लगाने का लालच देकर दस लाख रुपए मांगे।

खबर का असर : कोइलार नाला में शिकायत के बाद हरकत में आए अफसर

नहर लाइनिंग कार्य में गड़बड़ी : अधिकारियों की उपस्थिति में दोबारा कराया निर्माण

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के पैलीमेटा इलाके मे कोइलार नाला से पैलीमेटा तक बनाए गए नहर नाली निर्माण में हुई गड़बड़ी पर विभाग ने अब गंभीरता दिखाई है। नहर के कई जगहो पर दरार और गुणवत्ताहीन कार्यो के चलते निर्माण कार्य में गड़बड़ी के मामले मे विभागीय अधिकारियो ने निर्माण कार्य को मौके पर खड़े होकर दोबारा निर्माण कराया है।

कोइलार नाला से पैलीमेटा तक 2550 मीटर नहर निर्माण के लिए शासन स्तर पर 1 करोड़ 79 लाख रू स्वीकृत किए गए थे। नहर निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने और गुणवत्ताहीन कार्य करने के चलते नहर के आखिरी छोर मे निर्माण पूरा होते ही नहर की क्रांकीट उखड़ गई थी। मामले की शिकायत होते ही ठेकेदार ने आनन फानन में दरारो को भरने और गड़बड़ी छिपाने मरम्मत शुरू करवा दी। मामले में कलेक्टर सहित आला अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए थे।

जलसंसाधन विभाग के अधिकारियो ने शिकायत की पुष्टि होने के बाद मौके पर पहुँचकर दरार सहित गुणवत्ता की कमी वाले नहर निर्माण कार्य को पूरी तरह से उखड़वा कर दोबारा नवनिर्माण कराया। मौके पर पहुँचे विभाग के ईई वीरेन्द्र मरकाम, एसडीओ केके द्विवेदी ने विभागीय उपअभियंताओ की उपस्थिति मे गड़बड़ी वाले निर्माण कार्यो को उखड़वाया और ठेकेदार से नई क्रांकीट डलवाकर नवनिर्माण कराया। अधिकारियो की देखरेख मे निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। ताकि, भविष्य में दोबारा शिकायत न आए। अधिकारियो ने बताया कि नहर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब कोई दिक्कत नही होगी। किसानो को नहर निर्माण का पूरा लाभ सिंचाई के लिए मिल सकेगा ।

90 फीसदी भौतिक सत्यापन, भुगतान रोका

जलसंसाधन विभाग के ईई वीरेन्द्र मरकाम ने बताया कि कोइलार नाला से पैलीमेटा नहर निर्माण कार्य का 90 फीसदी भौतिक सत्यापन पूरा कर लिया गया है । नहर निर्माण के कूछ जगहो पर क्रांकीट मे दरार आने की शिकायत थी। निर्माण कार्य कराने ठेकेदार को भुगतान रोक दिया गया है। जिन जगहों पर शिकायते सामने आई थी अधिकारियो की देखरेख और उपस्थिति मे नवनिर्माण कराया जा रहा है । इसमे अब किसी प्रकार की परेशानी सामने नही आएगी।

करंट की चपेट में आने से 6 साल के मासूम की मौत

बालोद/नवप्रदेश। थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरा (जगन्नाथपुर) में घर में रखे छोटे इलेक्ट्रिक पंखे में करंट की चपेट में आने से वहीं पर खेल रहे 6 साल के बच्चे शिवम दुबे (उम्र 6 साल) की मौत हो गई। घटना सोमवार की शाम करीब 7 बजे की है। घर पर शिवम अन्य बच्चों के साथ लुका छुपी खेल रहा था।

ग्रामीणों ने बताया कि बेडरूम में तेल के खाली टिन के ऊपरपंखा रखा था। लुका छुपी खेलते हुए बच्चा उसी कमरे में चला गया। पंखे में करंट प्रवाहित हो रहा था। पंखा लोहे के पीपे पर रखा हुआ था, इसके कारण उसमें भी करंट था। लुकाछिपी के दौरान हाथ और पैर से पीपा संपर्क में आ गया और थोड़ी ही देर में बच्चा करंट से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वहां से भागने का मौका भी नहीं मिला।

करंट की चपेट में आने से बालक वहीं गिर गया। काफी देर तक बच्चा नहीं दिखा।

घर वालों ने खोजबीन की। बेडरूम में बेसुध हालत में बच्चा मिला। पैर और हाथ में जलने के निशान थे। उसे बालोद के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया।

शिवम दुबे सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में इस वर्ष से ही कक्षा प्रथम में प्रवेश लिया था। उनके पिता शैलेश पिंटू दुबे गांव में साइकिल स्टोर चलाते हैं। माता त्रिवेणी दुबे शिशु मंदिर में ही शिक्षिका है।

सहदेवनगर आक्सीजोन में महापौर ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को प्रदूषण मुक्त व हरा भरा करने नगर निगम के अलावा अन्य संस्थाओ द्वारा भी शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। वार्ड 22 सहदेव नगर आक्सीजोन में वात्सल्य कुटुंब एवं बिरला ओपन माइंड्स स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने पौध रोपण किया। पार्षद प्रियंका कुरंजेकर के अलावा वार्ड के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। वार्ड में कदम, नीम, बादाम, गुलमोहर, अमलताश, मौलश्री प्रजाति के पौधे लगाये। वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि आज शहर को विकसित करने के लिए जिस गति से वृक्षों की कटाई हो रही है, उस गति से पेड़ नहीं लगाये जा रहे हैं, जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और आक्सीजन की कमी हो रही है। हम सबको प्रण लेकर अपने घर और उसके आस पास पौधे लगाना है, ताकि भविष्य में आक्सीजन की कमी जैसी स्थिति दुबारा निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण में सांस लेने एक पौधे जरूर लगाये। शासन भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को बढ़ावा देने एक पेड़ माँ के नाम पेड़ लगाने अभियान चला रही है, जिससे लोग अभियान से जुड अपनी माँ एंव परिवार के नाम से पौधे लगाए। वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर ने बिरला ओपन माइंडस स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हे अपने घर एवं आसपास पौधे लगाने प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया।

बिजली दरों में चौथी बार बढ़ोतरी पर कांग्रेस का हमला

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश में बिजली दरों में बार-बार की जा रही बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मंगलवार को जिला कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि सरकार ने डेढ़ साल में चौथी बार बिजली दरें बढ़ाकर यह साबित कर दिया है कि उसे आम जनता की चिंता नहीं, सिर्फ उद्योगपतियों की सेवा करनी है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 24 पैसे और किसानों के कृषि पंप पर 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब किसान पहले से खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 65 लाख उपभोक्ताओं को 3240 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी।

किसानों को 5 एचपी तक मुफ्त और बीपीएल परिवारों को 40 यूनिट तक निःशुल्क बिजली दी गई थी। लेकिन भाजपा सरकार सब्सिडी खत्म कर लगातार महंगे बिल थमा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर के जरिए जनता को अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। बिजली कटौती लगातार जारी है और सरकारी उपक्रमों का बकाया जनता से वसूला जा रहा है। अंत में होरीराम साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ प्रदेशभर में आंदोलन करेगी और जनता की आवाज को उठाना जारी रखेगी।

जिपं अध्यक्ष कल्पना ने राखी और अकलवारा के स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

■ **शिक्षा गुणवत्ता बेहतर बनाने दिया निर्देश**

बेमेतरा/नवप्रदेश। शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने मंगलवार को दो शासकीय विद्यालयों ग्राम राखी (जोबा) की पूर्व माध्यमिक शाला और ग्राम अकलवारा की प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सीधा संवाद किया शैक्षणिक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करते हुए शिक्षकों से कई विषयों पर संवाद कर सुधारात्मक सुझाव भी प्राप्त किए।

उन्होंने बच्चों से बातचीत की। कक्षाओं में पढ़ाया और उनकी पढ़ाई, लेखन क्षमता व समझ को भी परखा। उन्होंने बच्चों से शिक्षा, अनुशासन और उनकी आवश्यकताओं के बारे में खुलकर जानकारी ली।

ग्राम राखी (जोबा) के बाद वे ग्राम अकलवारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचीं, जहां उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई का स्तर जाना। शिक्षकों की उपस्थिति, नियमितता और मिड-डे मील की स्थिति की गहन समीक्षा की।

बच्चों को स्कूल में मिलने वाली मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी उन्होंने समीक्षा की। बच्चों को पौष्टिक आहार मिल रहा है या नहीं, इस पर विशेष ध्यान दिया। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी लेकर उनके शिक्षा के प्रति रुझान को भी जाना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए खुलकर चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों को आगे बढ़ने का साधन बनती है।

निरीक्षण के पश्चात दोनों विद्यालय परिसरों में उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरियाली और जीवनदायिनी प्रकृति की सौगात देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में राजनांदगांव राज्य में अव्वल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध 96.70 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

इसी तरह आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 94.30 प्रतिशत बना कर लक्ष्य एवं उपलब्धि हासिल किया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में राज्य में जिला राजनांदगांव प्रथम स्थान पर है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 9 लाख 52 हजार 546 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों में से 9 लाख 20 हजार 814 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 96.70 प्रतिशत है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 25 हजार 88 वरिष्ठ 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों में से 23 हजार 669 पात्र वरिष्ठ राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 94.30 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में जिला राजनांदगाव प्रथम स्थान पर है।

शेष खबरो के लिए

मुखबिरी के शक में ...

शामिल हैं। माओवादियों ने मुखबिरी के शक में उनकी हत्या कर दी थी। 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से नक्सलियों ने बस्तर के सात जिलों में कम से कम 1,821 लोगों की हत्या की है, जिसमें बीजापुर में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। मृतकों में आम नागरिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली और निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल हैं। इस बीच, सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया है और राज्य सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह समय सीमा इसी साल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तय की थी। इससे पहले, 17 जून को बीजापुर जिले के पेडदाकोरमा गांव में नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों (जिनमें एक 13 साल का स्कूली छात्र और एक 20 साल का कॉलेज छात्र शामिल था) की गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतकों की पहचान अनिल माडवी और सोमा मोडियाम के रूप में हुई थी।

केन्द्र से मंजूरी, राज्य ...

दुर्ग, राजनांदगांव और रायगढ़ जिलों से पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों को गुवाहाटी ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि, यह छत्तीसगढ़ राज्य की पहली औपचारिक डिपोर्ट कार्रवाई है, जो केंद्र सरकार की मंजूरी से की जा रही है।

क्यों उठाया गया ये कदम?

राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान पिछले कुछ सालों में इंटेलिजेंस इनपुट और स्थानीय शिकायतों के आधार पर की गई थी। रायपुर समेत कई जिलों में ऐसे नागरिकों को पकड़ा गया था जो बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे।

होटल सागर के मालिक ...

इस परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगे थे। फिलहाल, तीन भाइयों के इस परिवार में अब बंटवारा हो चुका है, लेकिन शुरुआती कार्रवाई में ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस ग्रुप के किस भाई के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। चर्चा ये भी है कि तीनों भाइयों को ईड़ी ने अपने जांच के दायरे में रखा है।

-इस फैमिली का रायपुर में कोर्टयार्ड मैरियट नाम से एक होटल भी है। यहां पर भी जांच की बात सामने आ रही है।

-तीसरी ओर चिरमिरी में एसईसीएल के मैनेजर के घर पर आईटी ने दबिश दी है। आयकर विभाग की टीम मौके पर कांगजों की जांच पड़ताल कर रही है।

पृथ्वी पर शुभांशु ...

डीऑर्बिट बर्नः यान ने कक्षा से बाहर निकलने के लिए इंजन जला कर गति कम की।

वायुमंडल में प्रवेशः 27,000 किमी/घंटा की रफ्तार से प्रवेश के दौरान तापमान 1,600एष्ट तक पहुंचा, जिसे हीट शील्ड ने सहन किया।

पैराशूट तैनातः वायुमंडल से बाहर निकलने पर पैराशूट खुलकर यान को धीमा किया।

स्प्लैशडाउनः 15 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे आईएसटी, यान प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतरा।

लैंडिंग का रोमांच

ग्रेस यान की लैंडिंग से पहले एक जोरदार सोनिक बूम सुनाई दिया, जो इसकी तेज गति का संकेत था। लैंडिंग के दौरान संचार कुछ देर के लिए रुका, क्योंकि प्लाज्मा की परत सिग्नल को ब्लॉक कर रही थी। लेकिन रिकवरी टीम नौकाएं और हेलीकॉप्टर तुरंत कार्रवाई में आई। शुभांशु समेत 4 क्रू को सुरक्षित बाहर निकाला। इस टीम में पैगी व्हिटसन (कमांडर), स्लावोश उजनांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और टिबोर कपु (हंगरी) भी शामिल थे।

पीएम मोदी ने ...

के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री साय ने A&iom-4 ...

मिशन की ओर बढ़ते भारत के आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक कदमों का प्रतीक है। शुभांशु की यह उपलब्धि देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनके सपनों को एक नई उड़ान देने वाली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण केवल भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के लिए ही नहीं, अपितु हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि भारत की युवा वैज्ञानिक प्रतिभा और वैश्विक स्तर पर बढ़ती वैज्ञानिक भागीदारी का प्रमाण है।

मानसूत्र सत्र के दूसरे ...

दूसरी ओर सत्ता पक्ष के विधायक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन का काम न होने के आरोप लगाते रहे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि अगर पिछली सरकार के कार्यकाल में समय पर काम किया होता तो ऐसे हालात नहीं बनते। कांग्रेस की सरकार ने नल की टोंटी लगाई है, लेकिन पानी सप्लाई नहीं की। लोगों के घरों में साय सरकार के कार्यकाल में पानी पहुंच रहा है। साव ने कहा कि 31 लाख 16 हजार 398 घरों में नल से पानी दे रहे हैं। 3 हजार 836 गांवों में पूरी तरह नल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। 49 लाख से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन के जरिए पानी पहुंचाना है।

सिंहदेव ने उद्योगों से मिले ...

सिंहदेव ने उद्योग मंत्री पर सवाल दागते हुए कहा कि पिछले दो सालों में कोई राशि नहीं दी गई है। उनके द्वारा अनुमोदित विकास कार्यों पर भी सहमति नहीं दी गई है। प्रावधानित राशि में कटौती कर दी गई है। इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत- सीएसआर मद का कितना प्रतिशत देना जरूरी है। इसके जवाब में उद्योग मंत्री ने बताया कि तीन साल के अनुपात में आय का 2 प्रतिशत सीएसआर मद में खर्च किया जाता है। महंत ने हमला बोलते हुए कहा कि अभी सीएसआर मद में कितना दिया जा रहा है और भूपेश बघेल सरकार में कितना दिया जाता था, इसकी जांच करवा लें।

रेत खनन में पारदर्शिता ...

देने के लिए भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर तीन राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण समितियों का गठन किया गया है। पूर्व में केवल एक समिति कार्यरत थी। इस निर्णय से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे की प्रक्रिया सुगम हुई है।

न्यूज गैलरी

देश के वीरों की याद में यादव समाज ने किया वृक्षारोपण

कुम्हारी। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से कुम्हारी के रेजंगला में शहीद वीर जवानों के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से देश उन वीरों की याद करता रहेगा। वृक्षारोपण करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू यदु, नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष माधुरी व वार्ड 11 की पार्षद रितिका यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

लक्ष्य के प्रति समर्पण होने पर निश्चित रूप से मिलेगी सफलता

दुर्ग। गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग-गायत्री परिवार द्वारा सप्त क्रांति में साधना, स्वाध्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुरीति उन्मूलन, नारी जागरण, पर्यावरण आदि आंदोलन के अंतर्गत शिक्षा अभियान को सफल बनाने के लिये स्कूलों में संपर्क कर नन्हें कर्णधारों को मार्गदर्शन देने का क्रम शुरू हो चुका है। किसी भी उद्देश्य की सफलता के लिए कार्य के प्रति समर्पण, लगनशीलता और एकाग्रता जरूरी है। गायत्री परिवार के सदस्यों ने यह संदेश आदर्श कन्या विद्यालय में वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया। खचाखच भरे हाल में मधु साहू और खुशबू साहू ने वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से सफलता के सूत्र और स्वास्थ्य संरक्षण पर महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि प्रातः सूर्योदय से पूर्व उठने का अभ्यास और उषा पान (खाली पेट में जल पीने) का अभ्यास अगर अनिवार्य रूप से किया जाए तो व्यक्ति अनेकों बीमारियों से मुक्त हो सकता है। सुबह थोड़ा सा व्यायाम और संतुलित आहार आवश्यक है। इसके पूर्व ओपल विद्यालय कादंबरी नगर में भी बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और स्वास्थ्य को बेहतर रखने के सूत्र बताए। अभियान में गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता लेखराम साहू सहित डा गुलाब विश्वकर्मा, मधु साहू, खुशबू साहू, कुमुद साहू, विद्यालय की शिक्षिकाओं और प्राचार्य का सराहनीय सहयोग रहा।

विहिप बजरंग दल का प्रशिक्षण

दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा जिले के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 11 से 13 जुलाई तक दुर्ग के पंचवटी मांगलिक प्रांगण में आयोजित किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक व संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शौर्य वर्ग में विहिप संगठन के क्षेत्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए और युवाओं का मार्गदर्शन किया। 11 जुलाई को उद्घाटन सत्र में जितेंद्र सिंह पवार क्षेत्र संगठन मंत्री (मध्य क्षेत्र) के करकमलों से वर्ग प्रारंभ हुआ जिसमे प्रांत सह मंत्री व दुर्ग विभाग पालक घनश्याम चौधरी व विहिप प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू व बजरंग दल प्रांत सह संयोजक शुभम नाग उपस्थित रहे। शाम को विहिप दुर्ग व राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया।

घर में डेंगू या मच्छरों का लार्वा मिलने पर बीएसपी वसूलेगा पेनाल्टी

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसप के नगर सेवाएँ विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग और जिला मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे व्यापक डेंगू रोकथाम और नियंत्रण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक भिलाई टाउनशिप में डेंगू का एक भी मामला सामने नहीं आया है। इस दिशा में सही समय पर किए गए सार्थक प्रयासों का सीधा परिणाम है। भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 23 जून से इस्पात नगरी में मलेरिया, डेंगू व अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे, जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण, टेमीफॉस का निशुल्क वितरण, छिड़काव और फॉगिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्रदान की गई 120 ब्रीडर चेकर की समर्पित टीम प्रतिदिन टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में व्यापक गतिविधियाँ चला रही है। नियमित रूप से घर-घर सर्वे कार्य के तहत अब तक टाउनशिप के 40,000 से अधिक घरों में डेंगू के लार्वा की जाँच की जा चुकी है। घरों में कूलरों, पानी की टंकियों और आसपास मौजूद अन्य सभी जल निकायों की बारीकी से जाँच की जा रही है। मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए चिह्नित स्थानों पर और जल निकायों में नियमित रूप से पेस्टिसाइड, कीटनाशक, और निशुल्क टेमिफोस घोल का छिड़काव, आवासीय क्षेत्रों की बैक लेन में भी विशेष रूप से छिड़काव और ऑइलिंग की जा रही है। यहां अक्सर पानी जमा होने और मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक होती है। मच्छरों को खत्म करने के लिए नियमित रूप से फॉगिंग भी की जा रही है। ताकि मच्छरों के फैलाव को नियंत्रित किया जा सके। अभियान बीएसपी के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। विगत 8-9 वर्षों से यह अभियान प्रतिवर्ष चलाया जाता है। इसके साथ ही डेंगू के प्रति जागरूकता और डोर टू डोर सर्वे का काम भी किया जाता है। इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम यह है कि इस वर्ष अब तक एक भी डेंगू के मरीज की पुष्टि नहीं हुई हैं। इस वर्ष जिस घर में डेंगू या मच्छरों का लार्वा पाया जाएगा, वहां के निवासियों पर पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है।

पूर्व में डेंगू के भयावह प्रकोप के परिणामों का आंकलन करते हुए सख्त रणनीति बनाकर नियमों का कार्यान्वयन किया गया, जिसके फलस्वरुप वर्तमान में टाउनशिप में शून्य डेंगू केस दर्ज किये गये। सम्पूर्ण अभियान महाप्रबंधक ;टीएसडी के के यादव के मार्गदर्शन व नेतृत्व में चलाया जा रहा है। सहायक महाप्रबंधक टीएसडी आर के गुप्ता और उप प्रबंधक टीएसडी मुकुंद दास मानिकपुरी द्वारा नियमित मानिटरिंग की जा रही है। जन स्वास्थ्य विभाग ने भिलाई की जनता से अपील की है कि मच्छर नियंत्रण हेतु कूलर और पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली करें। खाली पड़े बर्तनों, पुराने टायरों में पानी का जमाव ना होने दें। रुके हुए पानी जिसे खाली करना संभव ना हो, उस पर किसी भी प्रकार के तेल की बूँदे डालने और मच्छरदानी का नियमित उपयोग कर डेंगू एवं मच्छरों से होने वाले बीमारियों के रोकथाम में सहयोग करें।

विधायक गजेन्द्र की पहल पर दुर्ग को बड़ी सौगात, सात प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण हेतु 10.11 करोड़ की स्वीकृति

धमधा अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से दुर्ग शहर की सात प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण के लिए शासन से 10.11 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गई है। अब धमधा अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क बनाने का रास्ता साफ हो गया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रति दुर्ग की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनहितैषी सोच का परिणाम है। हम दुर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और यह स्वीकृति उसी दिशा में एक और मजबूत कदम है।

विधायक यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में दुर्ग विधानसभा के सात प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण का प्रस्ताव शामिल किया गया था, जिसका स्वीकृति पत्र आज मिल गया है। अब जल्द ही विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। राशि की स्वीकृति से पटरीपार क्षेत्र में फोरलेन सड़क की लंबित मांग अब जल्द प्रारंभ हो जाएगी। इससे क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम होगा, नागरिक सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे।

इन सड़कों पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए इनका नवीनीकरण बेहद आवश्यक था। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और दुर्ग का व्यापक विकास ही मेरी प्राथमिकता है।

इन सड़कों की स्वीकृति

चर्च से गौरव पथ मार्ग, ईरानी डेरा से महाराजा चौक मार्ग, चिटनवीस मार्ग, कलेक्टर कैंप, टैम्पो स्टैंड होते हुए पोटिया मार्ग, पॉलिटेक्निक कॉलेज कैंपस की मुख्य सड़क, चंडी मंदिर से उरला मार्ग, धमधा बेमेतरा अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक फोरलेन मार्ग।

विधायक देवेंद्र ने विस में पीएचई विभाग की गलती पकड़ी, मंत्री से मांगा जवाब

भिलाई/नवप्रदेश। विधानसभा में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जल जीवन मिशन को लेकर साय सरकार और पीएचई मंत्री अरुण साव को जमकर घेरा। विधानसभा में गलत जानकारी देने पर पीएचई मंत्री को घेरते हुए देवेंद्र ने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

विधानसभा में सदन को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने पूरा काम नहीं किया है, उनको पूरा भुगतान नहीं किया जाएगा। 60 से 70 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान नहीं किया जाएगा। क्या यह मंत्री जी ने कहा है ? लेकिन विभाग द्वारा इस सवाल का गलत जवाब दिया गया। विभाग ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत बात है। मंत्री ने ऐसा कोई भी कमिटमेंट नहीं किया है।

विधायक देवेंद्र ने सदन में कहा कि खुद मंत्री ने सदन में सब के सामने कहा था कि जहां जल श्रोत नहीं होगा, वहां ठेकेदारों को पेमेंट नहीं किया जाएगा प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत जहां पर पानी का श्रोत नहीं है। वहां भी ठेकेदारों ने पाइपलाइन बिछा दिया है। नल लगवा दिए है। टंकी बना दी है। यह सरकार के जांच में ही सामने आई है और सिर्फ एक मामले में कार्रवाई की गई है। अन्य किसी पर कार्रवाई नहीं की गई है। ये भाजपा सरकार पूरे भ्रष्ट आचरण के साथ ठेकेदारों से लेन देन कर जनता का पैसा लुटा रही है। जल जीवन मिशन भाजपा सरकार का बड़ा फैलियर है। जिन गांवों में जनता के घरों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए, वहां अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है। जिस समय में काम होना था, उस समय पर काम भी नहीं हो रहा है और कोई प्रोग्रेसिंग रिपोर्ट नहीं है।

साइंस कॉलेज में शुरू होंगे एमएससी कम्प्यूटर साइंस व एमए मनोविज्ञान के पाठ्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय विश्वनाथ तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में सत्र 2025-26 से स्ववित्तीय योजना/जनभागीदारी मद से दो नये पाठयक्रम आरंभ करने की अनुमति उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन ने प्रदान की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि एमएससी कम्प्यूटर साइंस में 40 सीट आबंटित की गई है। एमए मनोविज्ञान हेतु 30 सीटे आबंटित की गई है। दोनों पाठ्यक्रमों की संबद्धता हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से नियमानुसार प्रक्रिया की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा उपरोक्त दोनो पाठ्यक्रमों से संबंधित विभागों के भौतिक रूप से निरीक्षण के बाद महाविद्यालय में अध्यापन आरंभ हो जायेगा। महाविद्यालय की स्वशासी प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा और भू-गर्भ शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रम पूर्णतः स्ववित्तीय योजना/जनभागीदारी मद से संचालित होगी। महाविद्यालय ग्रंथालय, फर्नीचर, उपकरण और कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था करेगा। वर्तमान में साइंस कॉलेज दुर्ग में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमलिब, आईएससी आदि 16 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित है। एमएससी कम्प्यूटर साइंस आरंभ होने से साइंस कॉलेज को पीएचडी हेतु हेमचंद यादव विवि का शोध केन्द्र बनाने में भी सहायता मिलेगी। दोनों पाठ्क्रमों में ऑनलाईन रूप से प्रवेश देने हेतु शीघ्र महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेगे।

एमवीएन में अलंकरण और शपथ ग्रहण समारोह

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली में सत्र 25-26 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरन, विशिष्ट अतिथि संस्था के प्रबंधक एस सजीव थे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत में नन्हा वनस्पति प्रदान कर किया गया। साक्षात्कार द्वारा चयनित विद्यार्थी पदाधिकारियों में स्कूल कैप्टंस, हाउस कैप्टंस और डिसिप्लिन कैप्टंस को अलंकृत कर शपथ दिलाई गई। स्कूल हेड ब्वॉय ऋषभ प्रधान 12वी हेड गर्ल अंकिता कुर्रे 12वीं वाइस हेड बॉय अनिर्बान मुखर्जी 11वीं और वॉइस हेड गर्ल श्रेया कोठारी 12वीं को अतिथियों द्वारा बैच और शेस पहनाया गया। विद्यालय प्रबंधक व प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने पदाधिकारियों को पद की प्रतिष्ठा बनाए रखने और विद्यालय के प्रति कर्तव्य निर्वाह के लिए शपथ दिलाई। विद्यालय की उप प्राचार्या डॉ बीना सजीव ने हाउस कैप्टंस को हाउस की जिम्मेदारी और प्रतिस्पर्धाओं के लिए अग्रणी रहते हुए कार्य करने शपथ दिलाई। प्रधान अध्यापिका निशी साजन ने डिसिप्लिन कैप्टंस को विद्यालय अनुशासन में अहम भूमिका निभाने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक व प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विद्यालय गतिविधियों, अनुशासन और उत्तरोत्तर विकास की जिम्मेदारी प्रतिनिधियों के कंधों पर है। विद्यालय की प्रतिस्पर्धाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने में हाउस कैप्टन की प्रमुख भूमिका होती है।

स्वयं को परिस्थितियों में एडजस्ट करना सबसे बड़ी शक्ति : राजयोगी राजू

भिलाई। जितनी ज्याद लोगों की बातों को सुनेंगे, मन की उलझन उतनी ही बढ़ेगी। इसलिए भगवान की सुनो। दुनिया बहुत समझदार है। उसकी बातों में अपने मन की शक्ति को व्यर्थ ना गवाएं। नाम, मान, शान की कामना रखना यानी कच्चा फल खाना। हमारी चिन्तन धारा को सकारात्मक बनाना है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से आए वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार राजू भाई ने दो दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम अंतिम समय की तैयारी विषय पर चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, परिस्थितियों के रूप में परीक्षा तो सभी के जीवन में होगी। हमें अपनी आत्मिक स्थिति को ज्ञान और योग से मजबूत करना है। समय के महत्व को जान कर किसान सही समय पर बीज होता है तो फसल की प्राप्ति होती है। समय बड़ा मूल्यवान है। समय की कद्र करें। सबसे बड़ी शक्ति है स्वयं को परिस्थितियों में एडजस्ट करने की शक्ति। यदि किसी को शिक्षा देनी है तो क्षमा करना सीखो।

प्रशिक्षण

दुर्ग। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू और शीत लहर से होने वाले नुकसान की रोकथाम और न्यूनीकरण के उद्देश्य से जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के अंतर्गत केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग व स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूल आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड में 25-25 शासकीय अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक के 250-250 स्कूली बच्चों और शिक्षकों को स्कूल स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

48 साल बाद मिले आईटीआई भिलाई के स्टूडेंट

भिलाई/नवप्रदेश। आईटीआई भिलाई हिंदी स्टेनोग्राफर ग्रुप 76-77 के सभी सदस्य लगभग 48 साल के बाद एक दूसरे से मिले। आईटीआई में युवावस्था में स्टेनोग्राफी की ट्रेनिंग के बाद 48 साल में लोगों के चेहरे बदल गए थे। कई लोग एक दूसरे को पहचान नहीं सके। व्हाट्सएप्प में ग्रुप बनाकर कुछ लोग आपस में बातचीत करते थे, लेकिन एक दूसरे से प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिल पाए। सारे लोग इकट्ठा होकर लंच किया। एक दूसरे के बारे में जानकारी ली। सभी की उम्र 68 से 72 के बीच हो चुकी है। विशेष मिलन कार्यक्रम में अमेरिका से विशेष रूप से डॉ लता चरदे, कोरबा से सुरेखा उइके, डोंगरगढ़ से कनकलता, धमतरी से वीणा, दुर्ग से विजय कोठे, नर्मदा विजवे, सुरेश धोधवर, भास्कर मढ़रिया, गोवर्धन शर्मा, ब्रजेश बिचपुरिया व हम 30 लोगों के ग्रुप में 10 लोग इकट्ठे हुए। अपने पुराने दिनों को याद किया। टीचर दास सर, वर्मा सर, प्राचार्य मित्तल सर और उस समय पढ़ने वाले अन्य ट्रेडों के साथियों को भी याद किया। उस 1 साल के कोर्स के दौरान खट्टे मीठे अनुभव को याद करके आत्मिक खुशी का एहसास हुआ। सभी लोगों ने अपने परिवार के बच्चों के बारे में अपनी पत्नी या पति के बारे में जानकारी दी। सिविक सेंटर के एक निजी होटल में लंच के बाद सारे लोग मैत्री बाग भी गए। 76-77 ग्रुप के दिवंगत साथियों स्व. दिवाकर गौर, स्व. गौतम, स्व. पुष्पा, स्व. संयोगिता, स्व. शीला, स्व. आशा दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जो लोग इस कार्यक्रम में नहीं आ पाए, उनसे संपर्क कर अगले मिलन कार्यक्रम में सबको एकत्रित करने का प्रयास किया जाएगा। पता लगाया जाएगा कि कौन कहां पर है ताकि सब लोग आपस में मिलने का कार्यक्रम बना सकें। सभी लोगों ने एक दूसरे से मिलकर प्रसन्नता जाहिर की और तय किया कि भविष्य में सभी लोग अपने-अपने परिवारों के साथ इकट्ठा होंगे।

विरोध प्रदर्शन | **डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उपभोक्ताओं को दिया डबल आर्थिक करेंट**

बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का चरणबद्ध आंदोलन 17 से

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कांग्रेस नेता जिला से ब्लॉक स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। दुर्ग ग्रामीण और अहिवारा विधानसभा में 17 जुलाई को बिजली आफिस का घेराव किया जाएगा। पाटन व धमधा ब्लॉक में 18 जुलाई को बिजली ऑफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। दुर्ग जिला मुख्यालय के बिजली ऑफिस में 22 जुलाई को कांग्रेसी सामूहिक घेराव व प्रदर्शन करेंगे।

राजीव भवन दुर्ग (कांग्रेस भवन) में दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल और भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के भीतर पहले युक्तियुक्तकरण के जरिए शिक्षकों को परेशान किया। स्कूलों को बंद कर विद्यार्थियों को परेशान किया। साय सरकार नई शराब दुकानें खुलवाकर महिलाओं को परेशान कर रही है। डीएपी खाद व बीज उपलब्ध न करवाकर किसानों के साथ छल किया जा रहा है। अब बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को लूटने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया गया है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिजली की दर में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट और कृषि पंप के बिजली दर में सर्वाधिक 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बढ़ोतरी की गई है। आसमान छूती महंगाई के बीच बिजली दरों में बढ़ोतरी का फैसला उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने वाला है। बिजली की दरों में वृद्धि कर डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को डबल आर्थिक करेंट दे दिया है।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार को जनता और किसानों की परवाह नहीं है। राज्य में लगभग 60 लाख उपभोक्ता है। बिजली दर वृद्धि का हर घर व दुकानदार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ का लाभ दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही इस जनकल्याणकारी योजना को बंद कर दिया। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की हर नीति फेल है। जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली दर में वृद्धि से उपभोक्ता व किसानों के साथ छल किया गया है। किसानों को सोसायटियों से डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है। डीएपी के विकल्प के तौर पर नैनो एनपीके खाद दिया जा रहा है, लेकिन नैनो एनपीके खाद धान के लिए ज्यादा उपयोगी नहीं है।

दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने लोगों की आय दुगुना करने का वादा किया था,लेकिन आज तक किसी की आय दुगुनी नही हुई है। किसानों की आमदनी घटी है। प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी, राजेन्द्र साहू, शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, अय्यूब खान, दीपक दुबे, राजेश यादव, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, संदीप वोरा, संजय कोहले, राजकुमार नारायणी, नासिर खोखर व अन्य नेता मौजूद रहे।

वृक्षों को बांधा रक्षा सूत्र, पर्यावरण सहेजने का लिया संकल्प

भिलाई/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बीएसपी शिक्षा विभाग की ओर से एनसीसी ईको क्लब और स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एबी श्रीनिवासन जीएम टाउन सर्विसेस और सभी अतिथियों ने वृक्षों की पूजा की। विद्यालय के सभी ईको क्लब प्रभारियों को बैज प्रदान किया गया।

विद्यालय की व्याख्याता निशि शिवप्पा ने इको क्लब का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एन. के जैन जीएम, हार्टीकल्चर ने विद्यार्थियों को वृक्षों एवं पर्यावरण की रक्षा से संबंधित शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ए.बी श्रीनिवास ने भिलाई बिरादरी की बीएसपी के पर्यावरण के प्रति संवेदना और समर्पण को आज की जरूरत बताया। उन्होंने विद्यालय के ईको क्लब के कार्यों की सराहना की।

प्राचार्य विजय सिंह पवार ने विद्यालय में एनसीसी और ईको क्लब, स्काउट गाइड द्वारा वर्ष भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। विद्यालय के गार्डन में अनेक प्रकार के पौधे लगाए गये। पौधों की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र भी प्राचार्य और छात्रों द्वारा बांधा गया।

नि:शुक्ल नवोदय प्रयास कोचिंग गंडई के तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए प्रीटेस्ट का आयोजन

■ बच्चों में दिखा जबरदस्त उत्साह

गंड़ई पंडरिया/नवप्रदेश। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मार्गदर्शन व विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी एस सुधाकर, बीआरसी डी. के. शर्मा व नवोदय - प्रयास प्रभारी पितांबर सिंह राजपूत के सहयोग से व गंडई नगर के आसपास के शिक्षकों के प्रयास से निःशुल्क नवोदय , सैनिक विद्यालय प्रवेश , एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष विद्यालय परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। जिसका उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर उत्कृष्ट विद्यालयों में चयनित करना है । कोचिंग के लिए प्रधानपाठिका यांत्री पड़वार, कौशल सिंह राजपूत, भागचंद साहू, उज्ज्वल नामदेव,दीपक मिश्रा,पूर्णेश वैष्णव, मयाराम राठौर,पूर्णेश्वर देवांगन, महेश वर्मा, खेमलाल जंघेल ने योजना बनाई जिसके लिए आसपास के शालाओं में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में अध्ययनरत बच्चों का कोचिंग हेतु चयन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए प्री-टेस्ट का आयोजन आज दिनांक 12/07/2025 दिन शनिवार को शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में किया गया।

70 बच्चों का चयन कोचिंग हेतु किया जाएगा

जिसमें कुल 300 बच्चें पंजीयन कराये जिसमें से 285 बच्चें टेस्ट में शामिल हुए।जिसका एक सप्ताह तक जारी किया जाएगा। जिसमें से प्रविण्य सूची से 70 बच्चों का चयन कोचिंग हेतु किया जायेगा जिन्हें प्रतिदिन सुबह 2 घंटे व शनिवार - रविवार 4-4 घंटे कोचिंग दिया जायेगा। नवोदय परीक्षा हेतु ली जा रही पूर्व ज्ञान आकलन का जानकारी होने पर नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष टारकेश्वर शाह खुसरो भी अपनी टीम के साथ परीक्षा स्थल पर पहुंचकर शिक्षकों की इस सराहनीय पहल के लिए खूब तारीफकरते हुए बच्चों को भी प्रोत्साहित किया साथ ही साथ कहा ऐसी पहल से प्रतिभावान बच्चे आगे आते हैं जिससे नगर और समाज दोनों के विकास को बहुत गति मिलती है। आज के प्री टेस्ट में महत्वपूर्ण सहयोग के रूप में संयोजक संकुल समन्वयक गंडई कौशल राजपूत, उपसंयोजक राजेश वास्तव संकुल समन्वयक कंटगी, मुकेश कश्यप संकुल समन्वयक लिमो, योगेन्द्र कश्यप संकुल समन्वयक टाबा , शिक्षकगण भागचंद साहू ,पूर्णेश वैष्णव दीपक मिश्रा , महेश कुमार वर्मा,पुनेश्वर देवांगन,गांधीरामसाहू ,शेखकलीम, लोमश पटेल,लालाराम मेंरावी, चैतराम वर्मा ,खेमलाल जंघेल मायाराम राठौर ,टोपकुमार जंघेल , रामदत्त साहू, सीता साहू ,टार्जन नेताम, शिव वास्तव ,भिखेन्द्र जंघेल का सराहनीय योगदान रहा।

राजकुमार सोनी बने जसम के राष्ट्रीय सह- सचिव

■ कमलेश पाण्डेय , अब्दुल रज्जाक राष्ट्रीय परिषद में शामिल

धमतरी/नवप्रदेश। झारखंड की राजधानी रॉंची में जन संस्कृति मंच के दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान देश के नामचीन रंगकर्मी जहूर आलम को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है, वहीं तीसरी बार राष्ट्रीय महा सचिव की जिम्मेदारी मनोज सिंह को सौंपी गई है. सम्मेलन में इस बार छत्तीसगढ़ की इकाइयों को उसकी सक्रियता के चलते महत्वपूर्ण जगह दी गई है. पत्रकार और संस्कृतिकर्मी राजकुमार सोनी को जन संस्कृति मंच की राष्ट्रीय इकाई में सह-सचिव नियुक्त किया गया जबकि राष्ट्रीय परिषद और कार्यकारिणी में कई प्रतिबद्ध लेखकों और संस्कृतिकर्मियों को शामिल किया गया। राष्ट्रीय परिषद और कार्यकारिणी में आलोचक सियाराम शर्मा कथाकार कैलाश बनवासी, रूपेंद्र तिवारी, दीपक सिंह, कामिनी त्रिपाठी और बिलासपुर जसम के अध्यक्ष मुदित मिश्रा को शामिल किया गया है. वहीं राष्ट्रीय परिषद में सुरेश वाहने, घनश्याम त्रिपाठी, सुलेमान खान, एन पापा राव, अशोक तिवारी, आलिम नकवी, शायर सुखनवर, वंदना कुमार, इंद्र कुमार राठौर, समीर दीवान, अजय शुक्ला, कमलेश पांडे, अब्दुल रज्जाक, निहाल और आदित्य को शामिल किया गया है । अभी चंद दिनों पहले मध्यप्रदेश के अशोक नगर में जन संस्कृति मंच की इकाई गठित की गई. अशोक नगर के कवि हरगोविंद पुरी को भी राष्ट्रीय परिषद में शामिल किया गया है. सम्मेलन में इस बार बड़ी संख्या में लेखकों और संस्कृति कर्मियों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज की और फ़ासीवाद की विभाजनकारी संस्कृति के खि़लाफ़ अपने विचार रखें. सम्मेलन में दो दिन सांस्कृतिक सत्र का आयोजन भी किया गया. एक सत्र का संचालन पत्रकार राजकुमार सोनी ने किया।

खुलेआम मारपीट और लूट के बावजूद मामला दर्ज नहीं होना दु :खद

फुटेज के बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर, धरने पर बैठा सर्व आदिवासी समाज

■ सीसी टीवी फुटेज मे मारपीट करते दिखे युवक

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार रात शहर के व्यस्त क्षेत्र में व्यवसायी आनंद चंद्रवंशी के साथ हुई मारपीट और कथित लूट की घटना के विरोध में सोमवार को सर्व कुर्मी समाज के लोगों ने कोतवाली के सामने विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि पीड़ित ने घटना की जानकारी, फुटेज और संदिग्धों की पहचान देने के बावजूद पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की, जिससे समाज में आक्रोश है। पुलिस ने मामले की जांच जारी होने की बात कही है। वही इस मामले खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हो पाया था।

बीच-बचाव में पहुंचे आनंद, खुद बन गए हिंसा का शिकार

पीड़ित आनंद चंद्रवंशी के अनुसार वे रविवार की रात अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। चंद्रायन हॉस्पिटल के पास उन्होंने देखा कि 30-40 लोग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। जब वे बीच-बचाव करने पहुंचे, तो वही समूह उन पर टूट पड़ा। आनंद के अनुसार इस दौरान उनके गले से सोने की चेन, वॉलेट छीन लिया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद उन्होंने खुद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाई और आरोपियों की पहचान कर पुलिस को सौंपी। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह थाने में रिपोर्ट कराने पहुंचे, लेकिन देर शाम तक भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

समाज का प्रदर्शन, पुलिस पर उठाए सवाल

एफआईआर दर्ज न होने को लेकर नाराज सर्व कुर्मी समाज के लोग सोमवार को कोतवाली के बाहर एकत्र हुए और दरवाजे के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष लाल बहादुर चंद्रवंशी ने कहा यदि एक सम्मानित व्यवसायी के साथ खुलेआम मारपीट और लूट हो सकती है और इसके बावजूद मामला दर्ज न हो, तो यह न सिर्फदुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

साक्ष्य का विश्लेषण जारी – पुलिस

मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि पीड़ित द्वारा प्रस्तुत वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया हम मामले की जांच गंभीरता से कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण जारी है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

व्यवसायी आनंद चंद्रवंशी ने कहा कि उन्होंने स्वयं तकनीकी साक्ष्य उपलब्ध कराए, फिर भी केस दर्ज न होना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने मांग की कि इस घटना को सामान्य मारपीट नहीं, बल्कि लूट और जानलेवा हमले के रूप में दर्ज किया जाए। फिलहाल देर शाम तक समाज के सदस्य कोतवाली के सामने धरने पर बैठे रहे और मामला दर्ज करने की मांग दोहराते रहे।

कमरौद तक कावड़ यात्रा का आयोजन 20 जुलाई को, आचार्य पंडित युवराज पांडे होंगे शामिल

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 20 जुलाई रविवार को होगा।आयोजन समिति के अंजु संदीप साहू , पंकज चौधरी, वामन साहू ने बताया कि आचार्य पंडित युवराज पांडे सहित हजारों महिलाएं हजारों की संख्या में शिव भक्त कावड़ यात्रा में शामिल होंगे। कावड़ यात्रा तीन रास्तों से होकर कमरौद मंदिर पहुंचेगी। ग्राम अरौद , लाटाबोड़ , देवी नवागांव , सुंदरा , जगन्नाथपुर , सांकरा से कमरौद तक मटिया (अर्जुंदा) से कमरौद बोल बम के जयकारे के गूंज के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर महामृत्युंजय जाप और महाभोग संगीत महाउत्सव होगा। कावड़ यात्रा आयोजन समिति के संदीप साहू (अरौद) प्रेम साहू (घुमका) दानेश्वर मिश्र (पोंडी) कुलदीप यादव (बिरेतरा) ने बताया कि यह यात्रा लगभग 17 किलोमीटर का होगा। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के भजन के साथ आचार्य पंडित युवराज पांडे की यात्रा और शिव भगवान पर आधारित चलित झाकियां व आकर्षक डीजे ढोलतासा से आकर्षण का केंद्र रहेगा इसके साथ ही कावड़ यात्रियों पर गांव-गांव में फूलों का वर्षा की जाएगी। कावड़ यात्रा में सुप्रसिद्ध भजन का भी आयोजन किया जाएगा।

अस्मिता खेलो इंडिया योगासन सिटी लीग का भव्य आयोजन, 163 एथलीट हुए शामिल

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के खेल मंत्रालय एवं खेलो इंडिया के निर्देशन में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया योगासन सिटी लीग का भव्य आयोजन रविवारको सामुदायिक व मंगल भवन भानुप्रतापपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, कांकेर द्वारा बड़े ही उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों से आए 163 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने अद्भुत योग कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ओंकार ध्वनि के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वस्त्रकार, कोषाध्यक्ष भोजेंद्र साहू, युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य खिलेंद्र साहू, भारतीय शिक्षा बोर्ड के सदस्य राजेश पवार, एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

हत्या के 16 आरोपी हुए गिरफ्तार

■ गाली गलौज के बाद कर दी थी युवक की हत्या

सिमगा/नवप्रदेश। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 5 जुलाई को प्रार्थी अमन मंडले निवासी ग्राम तोरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 4 जुलाई के रात्रि 08:00 बजे लगभग दो ईको वाहन से आरोपीगण वहां पर आकर एवं वाहन से उतरकर अचानक प्रार्थी एवं उसके परिवार के लोगों को एक राय होकर गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का, डंडा एवं नुकीली धातु से जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर दिया।

घटना में मारपीट से तमराज महिपाल की रायपुर ले जाते समय मृत्यु हो गई। की प्रकरण में प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस द्वारा धारा 296, 351(3), 115(2),191(2), 191(3),109(3),103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिमगा पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, किंतु एक आरोपी अभी भी फरार था।

जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था इसी बीच विवेचना क्रम में पुलिस द्वारा घटना के बाद फरार आरोपी लक्ष्मण वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा पुराने लड़ाई झगड़ा एवं विवाद पर से अपने अन्य साथियों के साथ एक राय होकर प्रार्थी एवं उसके परिवारजनों के साथ गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया। जिससे एक व्यक्ति तमराज महिपाल की मृत्यु हो गई कि प्रकरण में आरोपी को आज 14 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल सभी 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फायरिंग रेंज निर्माण के लिए ग्राम भाटीगढ़ में जगह का चयन

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा तहसील मैनपुर अंतर्गत ग्राम भाटीगढ़ में पटवारी हल्का नम्बर 03 अंतर्गत स्थित शासकीय भूमि खसरा नं0 1, 3, 4/1 रकबा कमशः 0.53 हेक्टेयर, 0.41 हेक्टेयर, 0.30 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 1.24 हेक्टेयर भूमि को फायरिंग रेंज के निर्माण के लिए आबंटित किये जाने हेतु जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में न्यायालय कलेक्टर द्वारा जगह चिन्हांकन एवं उपलब्धता की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश न्यायालय तहसीलदार मैनपुर को दिया गया है।

कल्पना योगेश तिवारी ने किया शिवलिंग रुद्राभिषेक

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंद वन में आज सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर शिवलिंग की विधिवत स्थापना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन की अगुवाई जिला पंचायत अध्यक्ष एवं माँ गोदावरी आनंद वन की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी जी ने अपने परिवारजनों के साथ की। शिवलिंग स्थापना के पश्चात रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार और सामूहिक आरती ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। आयोजन में आश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों ने भी भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

तिवारी ने कहा: सावन का यह पुण्य अवसर सेवा और संस्कार को जोड़ने का समय है। बुजुर्गों की सेवा करना और शिवभक्ति में लीन होना दोनों ही हमारे जीवन के सच्चे उद्देश्य हैं। माँ गोदावरी आनंद वन सिर्फ एक आश्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक परिवार है, जहां हर पर्व आध्यात्मिक उत्सव बन जाता है।

इस अवसर पर भजन, आरती, प्रसाद वितरण और सामाजिक सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

इस विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए:

डॉ. सीपी सेन (प्रबंधक), संगीता सेन, होरीलाल तिवारी, हमेश्वर दुबे, सुशील तिवारी, सुरेश, शांतिलाल जैन, सकलदेव, चंद्रहास, पूनम, विनय शर्मा, नर्मदा, दिलीप सहित अन्य सेवा भावी व बुजुर्गजन।

कामिनी कौशिक बनी लेडिस क्लब की संरक्षिका

धमतरी/नवप्रदेश। लेडिस क्लब की वर्ष 2025 से 2026 के नव गठित समिति का गठन किया गया है। विभिन्न मनोरंजन कार्यो के साथ में शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती जी के चित्र पर माला अर्पण कर पूजन तत्पश्चात क्लब की प्रार्थना की गई उसके पश्चात अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप सचिव काजल सिंह ने अपनी विगत वर्षो की कार्य उपलब्धि को सभा के समक्ष रखा। तत्पश्चात क्लब की संचालिका उषा गुप्ता के द्वारा नई संरक्षिका कामिनी कौशिक का नाम घोषित किया गया उसके पश्चात संचालिका द्वारा ही क्लब की अध्यक्ष काजल सिंह प्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नीता रण सिंह, द्वितीय उपाध्यक्ष गायत्री साहू, सचिव साधना साहू, कोषाध्यक्ष रचना नायडू, सहकोषाध्यक्ष संगठन मंत्री सीमा हरदेल, प्रचार मंत्री वीणा नायडू, मंजू सेन सांस्कृतिक मंत्री देविका साहू, शारदा साहू क्रीड़ा सचिव हरजीत कौर, और सरला खंडेलवाल के नाम की घोषणा की गई। तथा कार्य कारिणी मैं प्रेम चौधरी, अनीता साहू, संगीता सिंह, साबीरा हाशमी, प्रतिमा दीवान एवं प्रेस सचिव माधवी शर्मा की नाम की घोषणा की गई। नवगठित समिति को उसके कर्तव्य का स्मरण करते हुए संचालिका उषा गुप्ता द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। उसके पश्चात नवनिर्वाचित संरक्षिका ने अपने संबोधन में क्लब को सब के विकास में गति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मौना व्रत रख महिलाओं ने की भोलेनाथ और नाग देवता की पूजा अर्चना

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में मौना पंचमी का व्रत सखी सहेली स्व सहायता समूह के महिलाओं ने रखाकर भगवान महादेव के साथ नाग देवता की पूजा अर्चना की। व्रती प्राची चंद्राकर ने बताया कि सुहागिन महिलाओं ने इस दिन मौना पंचमी का व्रत रखती हैं और भगवान महादेव और नाग देवता की विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही भगवान महादेव और नाग देवता को घी, सूखे फल, फूल, माला, दूध आदि चढ़ाते हैं। माना गया है मौना पंचमी का व्रत रखने से सुहागिन महिलाओं के सभी मनोकामना पूरी होते हैं।

ग्राम पंचायत घुरावड़ की सविता मरकाम को मनरेगा में मिला 119 दिवस का काम

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पंचायत घुरावड़, विकासखंड नगरी निवासी सविता मरकाम ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से न केवल 100 दिनों का रोजगार हासिल किया, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती दी। उनका यह सफर आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है। सविता मरकाम एक सामान्य ग्रामीण महिला है, जिनका परिवार खेती-किसानी और दैनिक मजदूरी पर निर्भर था। जब गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य प्रारंभ हुआ तब उन्होंने भी श्रमिक पंजी में अपना नाम दर्ज करवाया। निरंतर परिश्रम करते हुए उन्होंने वर्ष 2024 में भूमि सुदृढ़ीकरण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य एवं वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के कार्य में 90 दिवस का काम मिला।

सहयोग | **जरूरतमंदों के सहयोग के लिए संजय मंजू बैंस सदैव तत्पर रहती**

आर्थिक समस्या से जूझ रही बिटिया के पढ़ाई में सहयोग करने आगे आए जनपद सदस्य बैस

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बिटाल निवासी कुमारी तृप्ति मानिकपुरी, जो कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिटाल की होनहार छात्रा है । पढ़ाई लिखाई में भी बहुत ही अच्छी है लेकिन आर्थिक समस्या कमजोर होने के कारण विद्यालय के फीस, कापी, पुस्तक, स्कूल ड्रेस खरीदने जैसे समस्या छात्रा तृप्ति को हो रही थी । उन्होंने अपनी समस्या को स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई के पास रखी कि मुझे विद्यालय के फीस के अलावा कापी, पुस्तक, गाइड की समस्या आ रही है। स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई ने इस होनहार छात्रा के सहयोग के लिए कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस को निवेदन किया। जरूरतमंदों के सहयोग के लिए संजय मंजू बैंस सदैव तत्पर रहती है। इस उम्मीद से कि हमारी गांव की इस होनहार बेटी के लिए भी संजय मंजू बैंस आगे आ कर बेटी की भविष्य के लिए अपने हाथ को आगे बढ़ाएंगेद्य संजय मंजू बैस ने इस होनहार बेटी की समस्या को देखते हुए तुरंत विद्यालय पहुंच कर तृप्ति मानिकपुरी कक्षा दसवीं में अध्यनरत उस बेटी का विद्यालय के फीस के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल के फीस को जमा कराए और कापी, पेन, स्कूल ड्रेस के साथ भविष्य में भी लगने वाले पूरी पढ़ाई का खर्चा इस बेटी का उठाने का जिम्मा भी लिया द्य

स्कूल में बाउंड्रीवाल और सीसी रोड के लिए भी करेंगे प्रयास

विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. रावटे ने बताया कि तृप्ति हमारे विद्यालय की होनहार छात्रा है जो पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहती है। हमारे विद्यालय की इस बेटी के सहयोग के लिए बैस जी ने अपना हाथ आगे बढ़ाए है इस बेटी के फीस को हम सभी शिक्षक विद्यालय से सहयोग कर जमा कर देंगे द्य उसके बाद भी जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस ने इस बेटी के फीस के साथ संपूर्ण जिम्मेदारी उठाने का जिम्मा लिया है द्य जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि मै ऐसे बेटी का मनोबल को बढ़ाकर उनकी मदद करना चाहता हूं जो अपनी सुरक्षा से स्वेच्छा से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी एक पहचान बनाना चाहती हो। बिटिया हमारी समाज की भविष्य है, ऐसी प्रतिभावान होनहार बेटी का हम सबको मिलकर मदद करना चाहिए।

न्यूज गैलरी

पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने सीएम साय से की मुलाकात

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने मुख्यमंत्री साय से छत्तीसगढ़ आधारित जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिए गए, छत्तीसगढ़ में चारागाह की जमीन पर गौ अभ्यारण्य निर्माण और अटल नगर नवा रायपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति में अटल स्मारक निर्माण के साथ-साथ प्रदेश के किसानों को नैनों डीएपी खाद वितरण करने आदि के निर्णय, पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद भी दिया। इस दौरान श्री साहू के साथ उनके सुपुत्र जिला मंत्री उत्पल साहू भी मौजूद रहे।

आदर्श स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

सिमगा/नवप्रदेश। शासकीय आदर्श विद्यालय में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिला कर विद्यालय में स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुस्तक एवं गणवेश का वितरण जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। साथ ही कक्षा पहली से 8वीं तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों का उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदीप सिंह भाटिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिमगा वार्ड क्रमांक 03 पार्षद सचिन जैन वार्ड 13 के पार्षद विष्णु जायसवाल एवं पूर्व एल्डरमेन दीनबंधु शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय में युक्तियुक्तकरण से आए शिक्षिका दास मैडम, निहारिका तिवारी, सुनील सोनी का अध्यक्ष हरदीप भाटिया एवं जनप्रतिनिधि द्वारा स्वागत किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम बेल का पौधा विद्यालय में लगाया गया। प्राथमिक विभाग संस्था प्रमुख ध्रुव सर द्वारा शाला परिसर में पेवर ब्लाक एवं नल कूप खनन की मांग कियागया जिसे पालिका अध्यक्ष भाटिया ने तुरंत स्वीकार करते हुए आज ही फाइल में नोट शीट चलाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सोनकर मैडम द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

गरियाबंद /नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने आज जनदर्शन में 65 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में ग्राम टेका के तारण सिंह ने सौर ऊर्जा पावर पंप लगवाने, ग्राम टेका की बिन्दा बाई ने बिजली ट्रांसफार्मर को सुधार करवाने, ग्राम कुकदा की रामबाई ने राजस्व अभिलेख में नाम सुधार हेतु, ग्राम लोहरसी के ग्रामवासी ने पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिन्हा का स्थानान्तरण करने, गरियाबंद की देवकी ने आवास मकान स्वीकृत करवाने, ग्राम गोंदलाबाहरा के हरिराम ने लंबित प्रकरण वन अधिकार पट्टा के लिये ग्राम खट्टी की रूपाबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, ग्राम पाण्डुका के शैलेन्द्र ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने, ग्राम देवगांव के पुरषोतम रात्रे ने अपने जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम मैनपुरकला के डोमार सिंह नागेश ने कृषि भूमि पर पुल निर्माण का मुआवजा राशि प्रदान करने जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किये।

शिक्षक काउंसिलिंग में गड़बड़ी उजागर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश : कलेक्टर

■ **पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल जाँच मे पाए गए दोषी**

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) /नवप्रदेश। जिला शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और नियमों की अनदेखी का एक गंभीर मामला सामने आया है। सहायक शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया में भारी अनियमितता और नियमों की अवहेलना का दोषी पाए जाने पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री एल.पी. पटेल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है।

काउंसिलिंग प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर रिक्त पदों में किया गया मनमाना फेरबदल दिनांक 04 जून 2025 को सहायक शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत 394 रिक्त पदों की सूची आधिकारिक रूप से प्रदर्शित की गई थी, और उसी के आधार पर महिला संवर्ग की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की गई। किंतु तकनीकी कारणों और समय की सीमा का हवाला देकर प्रक्रिया को अधूरी छोड़ते हुए इसे अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दिया गया। जब 05 जून को पुनः काउंसिलिंग प्रारंभ की गई, तब केवल 193 स्कूलों के रिक्त पदों की सूची प्रदर्शित की गई, जो कि पहले दिन प्रकाशित सूची से मेल नहीं खाती थी। शिक्षकों द्वारा इसपर आपत्ति दर्ज कराए जाने के पश्चात् तीनों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों (ब्बीब्ह) द्वारा पुनः प्रस्तुत की गई सूचियों की जांच की गई। जांच में स्पष्ट रूप से यह पाया गया कि ब्बीब्ह द्वारा 394 रिक्त पदों की सूचना भेजी गई थी, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी श्री पटेल द्वारा केवल 193 पदों को सूचीबद्ध किया गया था, जिससे 201 पद गायब थे। यह प्रक्रिया न केवल असंगत थी, बल्कि शासकीय दिशा-निर्देशों का सीधा उल्लंघन भी था। बाद में जब आपत्ति बढ़ी, तब जाकर मूल 394 रिक्त पदों की संशोधित सूची को पुनः प्रकाशित किया गया और सभी पदों पर काउंसिलिंग की गई।

एकल शिक्षकीय विद्यालयों की सूची से भी की गई अनदेखीः- जांच में यह भी सामने आया कि कई एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को जानबूझकर रिक्त पदों की सूची में शामिल नहीं किया गया। इनमें विकासखण्ड बरमकेला की शालाएं ङ्क डभरा, बिजनीडीपा, छिन्दपतेरा, सुखापाली, बोरे, भराली ङ्क तथा विकासखण्ड सारंगढ़ की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जसरा शामिल हैं। बीईओ द्वारा इन विद्यालयों को एकल शिक्षकीय के रूप में मान्य करते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया हेतु भेजा गया था, लेकिन जिला स्तर पर इनका उल्लेख सूची में नहीं किया गया। यह न केवल युक्तियुक्तकरण नीति के मूल उद्देश्य के खिलाफ है, बल्कि शिक्षकीय संसाधनों के समुचित वितरण में भी बाधा उत्पन्न करता है। जांच समिति की रिपोर्ट में दोष सिद्ध, कड़ी कार्रवाई की अनुशंसाः- शिक्षक साझा मंच और जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता राजीव सिंह द्वारा प्रस्तुत 19 बिंदुओं पर आधारित शिकायत की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच के दौरान तीनों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री एल.पी. पटेल वर्तमान में निलंबित हैं, अतः उन्हें जांच में तलब नहीं किया गया। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया कि श्री पटेल ने पदों की सूची में स्वेच्छाचारिता दिखाते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया को प्रभावित किया, जो शासनादेशों के विपरीत था। इसके अतिरिक्त उन्होंने एकल शिक्षकीय विद्यालयों को जानबूझकर सूची से बाहर रखा, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को अवसर से वंचित होना पड़ा।

श्रद्धालुओं की बस को जनपद अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी काशी विश्वनाथ और रामलला दर्शन के लिए हुए रवाना

बागबाहरा/नवप्रदेश। मंगलवार को पवित्र श्रावण मास में तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं की बस को जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तीर्थ यात्रा में 36 श्रद्धालु काशी विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन की आध्यात्मिक खुशी स्पष्ट झलक रही थी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने श्रद्धालुओं को सफल और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन का सुंदर अवसर है। उन्होंने बुजुर्गों से खल्लारी क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना करने का अनुरोध भी किया।

भीखम ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने बताया कि इस योजना के तहत उन श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा का अवसर मिल रहा है, जो आर्थिक समस्याओं के कारण अब तक तीर्थ यात्रा से वंचित रह गए थे। खिलेश्वरी छोटू बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष, ने भी सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा मंगलमय रहने की कामना की।

इस अवसर पर डिंपल डॉली ध्रुव (मंडल अध्यक्ष बागबाहरा), भूपेंद्र सिंह ठाकुर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी), रूपेश साहू (मंडल अध्यक्ष ग्रामीण), नितिन जैन (मंडल अध्यक्ष कोमाखान), दुबे लाल साहू (जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा), रोशन सोनी, बलवीर बग्गा, चिंतन राज पनूरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धालु इस यात्रा में भगवान काशी विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन कर आस्था और विश्वास के साथ लौटेंगे, ऐसी सभी ने कामना की।

रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री अयोध्या रवाना

नवापारा राजिम। नगर के 27 तीर्थयात्रियों ने रामलला के दर्शन के लिए यात्रा आरम्भ की। बता दे कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए नवापारा नगर के 27 तीर्थ यात्रियों को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं महिला बाल विकास एवं शिक्षा सभापति पूजा कंसारी ने तीर्थ यात्रियों की आरती तिलक एवं श्रीफल भेंट कर यात्रा आरंभ करवाई। उक्त अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि विधायक इन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में नगरवासियों को किए वादे निरंतर पूरे किए जा रहे है। प्रभु श्री रामलला का दर्शन पाना सौभाग्य की बात है।

कुरूद जनपद के लोग करेंगे रामलाला के दर्शन

कुरूद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कुरूद के अंतर्गत आने वाले गांव में से छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं में तीर्थ स्थल के दर्शन में रामलाला दर्शन योजना के माध्यम से हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम जी की जन्मस्थलीय के अयोध्या धाम के दर्शन करेंगे जिनको कुरूद जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू एवं मण्डल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने हरीझंडी दिखाकर दर्शनार्थ के लिए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दिए। इस यात्रा को लेकर जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के निवासियों को अयोध्या में रामलाला के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करना है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस प्रतिबद्धता को पूरा करती है जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य के लोग इस पवित्र स्थल का दौरा कर सकें। मण्डल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के अयोध्या जाने का मौका देना है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री समीर कुमार जार्ज | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400151/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री समीर कुमार जार्ज आ./पति स्व. शिशिर कुमार जार्ज निवासी नेहरुनगर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2169	0.040 हें वर्गफीट 4000	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अंजना जार्ज | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400151/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अंजना जार्ज आ./पति स्व. मिल्टन दास निवासी नेहरुनगर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2156	0.060 हें	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती बसंती भास्कर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400119/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती बसंती भास्कर आ./पति रतिराम भास्कर निवासी ग्राम सिरपुर जिला महासमुंद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	194/45	0.007 हें वर्गफीट 748	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री संतोष सिंग चौहान | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400138/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री संतोष सिंग गौतम आ./पति श्री गोविंद सिंग गौतम निवासी सिविल लाइन रायगढ़ द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	241/92	0.0350 हें वर्गफीट 3780	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग

रा.प्र.क्र. 202507102800020 /ब-121/ सन्- 2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदेश्वर वर्मा पिता हरिराम वर्मा उम्र 42 वर्ष जाति कुर्मी साकिन नारधा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने मां कौशिल्या वर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु, आवेदक अपने मां के मृत्यु तारीख 02.04.2025 स्थान नारधा होना लेख करते हुए मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नही होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु निवेदन किया जाकर शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सरपंच प्रमाण पत्र दस्तावेज आदि दस्तावेज की छायाप्रति इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 31.07.2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्रास दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार अहिवारा

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता गोवर्धन पटेल पिता श्री पंचु राम पटेल, उम्र 31 वर्ष, जाति मरार, निवासी-175, ग्राम पुरदा (बडे) नवागांव पुरदा दुर्ग तह. बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :- यह कि, मै दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरी पुत्री रीना पटेल के भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम रीता पटेल (RITA PATEL) दर्ज है, जो कि गलत एवं असत्य है। यह कि मेरी पुत्री रीना पटेल (RINA PATEL) के स्कुली रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम रीना पटले दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि रीता पटेल एवं रीना पटेल दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है। यह कि मेरी पुत्री के सत्य वास्तविक नाम रीना पटेल (RINA PATEL) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता गोवर्धन पटेल पिता श्री पंचु राम पटेल, निवासी-175, ग्राम पुरदा (बडे) नवागांव पुरदा दुर्ग तह. बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता टिकेश्वर वर्मा पिता श्री भोजराम वर्मा, उम्र 32 वर्ष, निवासी-वर्तमान-आर्य नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थायी पता-ग्राम लुक तह. देवकर जिला बेमेतरा का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त बताये अनुसार सही व सत्य हैं। यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 13/01/2021 को श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग में हुआ हैं। यह कि, मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) नगर पालिक निगम भिलाई से बना हुआ है जिसका पंजीयन कमांक बी-2021:22-90711-000629 एवं पंजीयन दिनांक 04/02/2021 है मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम धवल वर्मा दर्ज हैं। यह कि, मैं अपने पुत्र का नाम बदल कर धैर्य वर्मा रख लिया हूं। यह कि, मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं भविष्य में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपने पुत्र का नाम धैर्य वर्मा दर्ज करवाना चाहता हूं। यह की, शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना हैं। अतः यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता टिकेश्वर वर्मा पिता श्री भोजराम वर्मा, निवासी-वर्तमान-आर्य नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता सत्यवान पान पिता श्री दिलीप पान, उम्र 40 वर्ष, निवासी-वार्ड न. 33, बापू नगर, उड़ीया महोल्ला, सेक्टर 11, जोन-2 खुर्सीपार मिलाई तहसील व जिला दुर्ग, (छ.ग.) का हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा पाँचवी एवं आठवी के अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम नीरफपान दर्ज हैं किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड नम्बर 2868 6274 55746 मे मेरे पुत्र का नाम निरव पान दर्ज हैं। यह कि, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम नीरफ पान है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा पाँचवी, आठवी के अंकसूची में दर्ज हैं। यह कि, मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड एवं भविषय में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम नीरफ पान दर्ज करवाना चाहता हूं, जिस बाबत यह शपथपत्र राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना है। अतः यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता सत्यवान पान पिता श्री दिलीप पान, निवासी-नार्ड न. 33, बापू नगर, उड़ीया महोल्ला, सेक्टर 11, जोन खुर्सीपार मिलाई तहसील व जिला दुर्ग, (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रोशनी दीवान उम्र 36 वर्ष पति बजरंग सिंह निवासी मकान नं. 108/के., गांधी चौक चिचिरदा अहिल्दा बलौदा बाजार छ.ग. 493526 की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मैंने अपना पुराना नाम रोशनी (ROSHNI) पिता टी.आर. दीवान (T.R.DIWAN) जो कि मेरे आवश्यक दस्तावेजों में दर्ज है जिसे त्यागकर नया नाम रोशनी दीवान (ROSHNI DIWAN) पति बजरंग सिंह (BAJRANG SINGH) रख ली हूं। अतः यह कि शासकीय अर्द्धशासकीय, व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम रोशनी दीवान (ROSHNI DIWAN) पति बजरंग सिंह (BAJRANG SINGH) के नाम से जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ती रोशनी दीवान पति बजरंग सिंह निवासी मकान नं. 108/के., गांधी चौक चिचिरदा अहिल्दा बलौदा बाजार (छ.ग.) 493526

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202506104500040
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

मटंग प.ह.न. 00027 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अशोक कुमार अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मटंग प.ह.नं. 27 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता लहरूराम निवासी ग्राम मटंग तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम मटंग पहनं. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित एकल खाता की भूमि खसरा नं. 100/3 रकबा 0.18 हे. के स्थान पर सुधारकर रकबा 0.19 हैं अंकितकर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत आधार पर न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 17.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430300400079

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी अछनीभूषण महतो पिता/पति पशुपति महतो पता चरोदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 348/6 (0.0290) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता स्वाती महतो पिता/पति अ.ब. महतो पता चरोदा, अदिति दास पिता/पति अ.ब. महतो पता चरोदा, समीरण महतो पिता/पति अ.ब. महतो पता चरोदा, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार तहसील पाटन

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900293

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी प्रभाकर राव पिता/पति बिट्ठोबाजी ढोबले पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 632/9(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतोष कुमार ढोबडे पिता/पति स्व. प्रभाकर राव ढोबडे पता शंकरनगर दुर्ग, शोभाबाई ढोबड़े पिता/पति स्व. प्रभाकर राव ढोबडे पता शंकरनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800185

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी साक्षी कन्नौजे ना.बा. पिता/पति कुंजबिहारी कन्नौजे पता रिसाली, विशाल कन्नौजे पिता/पति कुंजबिहारी कन्नौजे पता रिसाली, कुंजबिहारी कन्नौजे पिता/पति रमेश कुमार कन्नौजे पता रिसाली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 219/12 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विशाल कन्नौजे पिता/पति कुंजबिहारी कन्नौजे पता रिसाली, कुंजबिहारी कन्नौजे पिता/पति रमेश कुमार कन्नौजे पता रिसाली, साक्षी कन्नौजे पिता/पति कुंजबिहारी कन्नौजे पता रिसाली के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107000057

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी जनक यादव पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, गीताबाई पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, तिजियाबाई पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, सीताबाई पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, मनहरण यादव पिता/पति स्व. बंशीलाल पता बघेरा दुर्ग, रमेश यादव पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, मनीराम यादव पिता/पति स्व. बंशीलाल पता, रामस्वरुप यादव पिता/पति स्व. बंशीलाल पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 53/19(0.0108) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती पूनम सोनकर पिता/पति कमल सोनकर पता मकान नं. 332 नयापारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104700107

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी चिंतादेवी पिता/पति रघुनाथ महतो पता बोरसी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 248/116(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रघुनाथ महतो पिता/पति पीयारचन महतो पता मकान नं. 130 सुंदरनगर बोरसी, रेखा चौहान पिता/पति रघुनाथ महतो पता मकान नं. 130 सुंदरनगर बोरसी, राजेश कुमार महतो पिता/पति रघुनाथ महतो पता मकान नं. 130 सुंदरनगर बोरसी, राजूकुमार महतो पिता/पति रघुनाथ महतो पता मकान नं. 130 सुंदरनगर बोरसी, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202507103000019 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिलेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. घनश्याम साहू पता-वार्ड नं.- 13. कुर्मी पारा, ग्राम चिरपोटी पोष्ट- मतवारी जिला दुर्ग वर्तमान पता- परसा पेड़ के पास, राहुल नगर, लखोली वार्ड नं.- 32 जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के दादा जो बैसाखू पिता थनवार के नाम पर हक भूमि स्वामी जमीन वार्क मौजा-चिरपोटी प.ह.नं. 57 रा.नि.म. उतई स्थित भूमि खसरा नंबर 613, 614, 660/2 रकबा कमश 0.4900, 0.3800, 0.3900 हे. कुल रकबा 1.2600 हे. लगान 1.60 रू. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्तमान में आवेदक के दादा जी बैसाखू का निधन दिनाक 10/04/2025 को हो चुका है। जिसका फौती दर्ज कर वैध वारिसान :-घनश्याम साहू (फौत), तेजराम साहू (पुत्र), चुम्मन लाल साहू (पुत्र), एमन लाल साहू, (फौत), अश्वनी कुमार साहू (पुत्र), गौतम साहू (पुत्र), लता साहू (पुत्री), दिनेश्वरी बाई (पुत्री), कामिन बाई साहू (पत्नि), वर्तमान में वारिसान पुत्र घनश्याम साहू पिता स्व. बैसाखू का निधन दिनाक 14/04/2014 को हो चुका है जिसके मृत्यु पश्चात् उनके निम्न वैध वारिसान टिलेन्द्र कुमार साहू (पुत्र), खुमेन्द्र कुमार साहू (पुत्र), नूपेश कुमार साहू (पुत्र). गमुक्का साहू (पुत्री), उमा बाई साहू (पत्नि), वर्तमान में वारिसान पुत्र एमन लाल साहू पिता स्व बैसाखू का निधन दिनांक 23/12/2024 को हो चुका है। जिसके मृत्यु पश्चात् उनके निम्न वैध वारिसान विजेन्द्र कुमार साहू (पुत्र), तुजेन्द्र कुमार साहू (पुत्र), सतरूपा साहू (पत्नि), मृतको की फौती दर्ज कर उनके उक्त वैध वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202507103500003 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक आवेदकगण श्री प्रकाश सांखला पिता श्री प्रेमराज जैन श्री इदरचंद जैन पिता श्री प्रेराज जैन दोनो निवासी वार्ड नं. 38 मिल पारा, दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग एवं श्री नरेश चंद जैन पिता श्री प्रेमराज जैन निवासी-महावीर कालोनी, मिल पारा, दुर्ग तहः व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109/110 के तहत दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 7 अ भूखण्ड क्रमांक 11/1 क्षेत्रफल 2374 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 12/3 क्षेत्रफल 1159 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 13 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट, भूखण्ड क्रमांक 12/4 क्षेत्रफल 132 वर्गफुट कुल क्षेत्रफल 4095 वर्गफुट भूमि को सावित्री देवी तिवारी पति स्व. प्रेमशंकर तिवारी एवं श्रीमती शालिनी बाजपेयी पिता स्व. प्रेमशंकर तिवारी एवं श्याम कुमार तिवारी पिता स्व. श्री प्रेमशंकर तिवारी से पंजीकृत बयनामा दिनांक 5/5/2025 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि का नामातरण पश्चात आवेदकगण का नाम दर्ज किया जा चुका है। उक्त भूमि के पट्टे की अवधि 03/2025 को समाप्त हो चुकी है। अतः उक्त भूमि का आगामी वर्षो हेतु नवीनीकरण हेतु मय दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री गिरधारी धनकर आ.स्व. गजानंद धनकर निवासी औसर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरी माता परागाबाई पति स्व. गजानंद धनकर मृत्यु दिनांक 19.04.2024 को ग्राम औसर प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री गिरधारी धनकर आ. स्व. गजानंद धनकर निवासी औसर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 21.07.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाटन जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पाण्डेश्वर साय पिता जदुरा साय निवासी म.नं.-307, गांव झरिया, बिश्रामपाली, चेटबा जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कातुलबोड़, प.ह.न. 42, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 40/3 रकबा 0.050 हे. परि. लगान 31/-रूपये भूमि को विक्रेता किसन पिता कलीराम टेकाम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26/10/2016 को कय किया गया है, जिसका प्रमाणीकरण कराकर आवेदक के नाम पर ऋण पुस्तिका कं. पी-2385589 जारी किया जा चुका है, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन में आवेदिका के नाम पाण्डेश्वर साय पिता जदुरा साय के स्थान पर गीता बाई पति स्व. संजय कुमार, शुभम, शिवानी, शिवम पिसरान स्व. संजय कुमार का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड बैनामा व जारी ऋण पुस्तिका के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज ÷गीता बाई पति स्व. संजय कुमार, शुभम, शिवानी, शिवम पिसरान स्व. संजय कुमार÷ का नाम विलोपित आवेदक का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202507103800014/141 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक विवेक कुमार अहीर पिता स्व. गभरू राम अहीर, निवासी वार्ड नं. 06, ठेठवार पारा दुर्ग द्वारा नजूल स्थित भूमि शीट क. 28 बी, प्लाट नं. 37, रकबा 139 वर्गमीटर धारक हीराबाई अहीर बे. लक्ष्मण, लच्छू आ. सुंदरलाल, श्यामलाल व गभरू आ. सुंदरलाल नि. मठपारा दुर्ग के नाम पर पट्टा 31 मार्च 2032 तक की अवधि के लिए जारी किया गया है। परन्तु संधारण खसरा में गभरू आ. सुंदरलाल का नाम दर्ज नहीं है। वर्तमान में गभरू की मृत्यु दिनांक 21.12.2009 को हो चुकी है तथा लच्छू व श्याम लाल की भी मृत्यु हो चुकी है उल्लेखित है। सहधारकों के मृत्यु उपरांत संधारण खसरा में हीराबाई अहीर बे. लक्ष्मण अहीर, लच्छू, श्यामलाल आ. सुंदर लाल, सुमन बाला आ. स्व लक्ष्छू का नाम दर्ज है। आवेदक द्वारा संधारण खसरा में सुधार करते हुए गभरू आ. सुंदर लाल का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202506101000053 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.के. 202506101000053/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/ आवेदक पुष्पा देवी कौशल पति स्व. किसन लाल कौशल निवासी संत रविदास नगर वार्ड 70 सरोना रायपुर द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 119 रकबा 0.41 हे. जो भूमिस्वामी हेमलाल पिता श्रीराम एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी किसन लाल कौशल पिता श्रीराम कौशल की मृत्यु दिनांक 04.1.2016 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदनमय दस्तोवज थी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छ्या प्रति आदि प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

बैज ने एक्स पर देवेंद्र यादव को बताया कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष : कुछ घंटों में पोस्ट किया डिलीट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने देवेन्द्र यादव को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बताया था। बाद में मैसेज डिलीट कर दिया। बैज ने इस मामले में अब सफाई दी है। इधर, बीजेपी ने इस मामले में कांग्रेस को घेरा है।

बीजेपी ने सवाल किया है कि नियुक्ति की जानकारी केवल दीपक बैज को थी या फिर गांधी परिवार के निर्देश पर उन्होंने मैसेज पोस्ट किया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने पूछा कि क्या इसकी जानकारी भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और चरणदास महंत को भी नहीं है? क्या यह कांग्रेस के आलाकमान या गांधी परिवार के निर्देश पर किया गया? प्रदेश की जनता के बीच ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई के बीच दीपक बैज ने जो पोस्ट किया है, उसके बारे में प्रदेश की जनता को पूरी जानकारी देनी चाहिए।

दीपक बैज ने मंगलवार को दिल्ली दौरे से रायपुर वापस पहुंचकर बीजेपी की बयानबाजी पर पलटवार किया। बैज ने कहा कि कि यह एक लिपिकीय त्रुटि है। बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए एक्स पर उनकी पोस्ट को वायरल किया जा रहा है।

दरअसल, 14 जुलाई को बैज का जन्मदिन था। उनके जन्मदिन पर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने उन्हें बधाई दी थी। बधाई संदेश का जवाब देते हुए दीपक बैज ने उन्हें प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बता दिया। दीपक बैज ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 'प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भाई देवेंद्र यादव को स्नेह और शुभकामनाओं के लिए आभार।' कुछ देर बाद उन्होंने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच वार-पलटवार शुरू हो गया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा वालों को अपनी पार्टी के नेताओं के बयान को याद करना चाहिए। चुनाव के दौरान मतदाताओं को विनम्र श्रद्धांजलि दे रहे हैं। भाषण में कह रहे हैं कि पहलगाम आतंकी हमला मोदी के नेतृत्व में हुआ है। ऐसे लोग हमें आईना न दिखाएं। खुद के गिरेबां में झांके। लिपिक त्रुटि हुई है, हम उसे स्वीकार करते हैं। ठाकुर ने कहा कि सच यह है कि दीपक बैज की आक्रामकता के सामने भाजपा के लोग भयभीत हैं। दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लगातार साय सरकार की नाकामियों पर हमला कर रहे हैं। खाद-बीज को लेकर किसानों के लिए लड़ रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने की लड़ाई लड़ रहे हैं। अडानी को जंगल बेचे जाने और जंगल की कटाई का बैज विरोध कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

आर. दोरईस्वामी ने सीईओ एवं एमडी का कार्यभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार श्री आर. दोरईस्वामी को भारतीय जीवन बीमा निगम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक (सीईओ एवं एमडी) नियुक्त किया गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने रायपुर में नए अंचल कार्यालय का उद्घाटन किया

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने रायपुर में अपने नए अंचल कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। बैंक की सुदृढ़ उपस्थिति में वृद्धि तथा ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करने के उद्देश्य के साथ यह कार्यालय पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को कवर करेगा। श्री एम. नागराजू, आईएएस, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्चुअल माध्यम से नए अंचल कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री आशीष माधवराव मोरे, आईएएस, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार, श्री देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवंमुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, निदेशक मंडल और बैंक के अन्य वरिष्ठ कार्यपालकगण उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठन कर रहे प्रयास

रायपुर/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शहर के आसपास के क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को रोटरी क्लब जेसीज ग्रीन आर्मी, वसुंधरा स्वयं सेवी संगठन एवं स्कूल एवं महाविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लगाए गये पौधों की देखरेख के लिए शपथ ली।

निधन : सरदार लक्खा सिंह राणा

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 15 जुलाई दिन मंगलवार को सरदार लक्खा सिंह राणा का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे निवास स्थान सरदार बगीचा टैगोर नगर रायपुर से न्यू राजेन्द्र नगर श्मशान घाट में जाई जायेगी। शोकाकुल परिवार में बलजीत सिंह राणा (पुत्र), बुध सिंह राणा (पुत्र), रणजोध सिंह गिल, रघबीर सिंह राणा, दर्शदीप सिंह राणा, गगन दीप सिंह राणा सहित परिवार के समस्य लोग शामिल है।

ग्रामीण विकास का प्रेरणास्रोत, स्वच्छता से स्वावलंबन की मिसाल बने राजकुमार

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत दुर्ग जिले की ग्राम पंचायत अण्डा ने एक ऐसी पहल की है, जो स्वच्छता को आजीविका से जोड़कर ग्रामीण विकास की दिशा में एक नया आदर्श प्रस्तुत करती है। यह पहल न केवल एक शौचालय परिसर के निर्माण तक सीमित रही, बल्कि इसके माध्यम से एक ज़रूरतमंद ग्रामीण को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका भी प्रदान की गई।

यह कहानी है श्री राजकुमार टंडन की, जो पहले एक ठेले में पान की दुकान चलाते थे। सीमित आमदनी और अस्थिरता से जूझते हुए वे जीवनयापन कर रहे थे। लेकिन ग्राम पंचायत अण्डा की दूरदर्शी सोच और स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग से उनकी ज़िंदगी ने एक नया मोड़ लिया। ग्राम पंचायत ने बस स्टैंड और मुख्य सड़क से लगे शौचालय परिसर के भीतर एक कक्ष को दुकान के रूप में विकसित कराया। वर्ष 2024 में 5 लाख रूपए की लागत से यह संपूर्ण परिसर निर्मित हुआ, जिसमें सार्वजनिक सुविधा के साथ एक आजीविका केंद्र की व्यवस्था भी की गई।

ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और पीएम मोदी का अभिनंदन, विधानसभा में प्रस्ताव पारित

पूर्व मंत्री चंद्राकर की टिप्पणी से नाराज कांग्रेस ने किया बहिस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून सत्र के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर अभिनंदन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्तापक्ष की ओर से अजय चंद्राकर ने चर्चा शुरू की। चंद्राकर के वक्तव्य पर विपक्ष ने आपत्ति जताते हुए चर्चा का बहिष्कार कर दिया। विपक्ष के सदस्य सदन से बाहर निकल गए। विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि 7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाकर भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीतिक दक्षता के प्रदर्शन के लिये सदन हार्दिक अभिनंदन करता है। सदस्यों ने मेज थपथपाकर इसका स्वागत किया।

सीएम साय ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह केवल रेस्क्यू मिशन नहीं था। यह भारतीय सेना ने काबिल ए तारीफ ऑपरेशन किया है। भारतीय सेना ने भारत के लोगों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे पीएम मोदी की सक्रिय भागीदारी है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि सीजफायर के लिए सरकार ने अमेरिका का सहयोग लिया। सीजफायर से पहले विपक्ष से चर्चा नहीं की गई।

चर्चा के दौरान अजय चंद्राकर ने मनमोहन सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए सैन्य कार्रवाई को लेकर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए। इस पर चरणदास महंत, संगीता सिन्हा सहित अन्य कांग्रेस विधायकों ने कड़ा विरोध किया। आपत्ति जताते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिस्कार कर दिया। डॉ महंत ने बाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अभिनंदन प्रस्ताव पर चर्चा में कांग्रेस शामिल थी। लेकिन, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर की टिप्पणी उकसाने वाली थी। इस वजह से कांग्रेस विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिस्कार कर दिया।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीतिदृ2020 के पुनः उन्मुखीकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय में लागू स्नातक पाठ्यक्रमों में एनईपी के एक वर्ष के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और आवश्यक सुधारों पर विचार करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति एवं रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने कहा कि एनईपी 2020 न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि यह युवाओं को उनकी स्थानीय परंपरा और ज्ञान से जोड़ने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अवसर देगी, जिससे वे देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रथम तकनीकी सत्र में उच्च शिक्षा के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने नीति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री से राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

■ **मंत्रिपरिषद द्वारा वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान दिए जाने के निर्णय हेतु व्यक्त किया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विधानसभा स्थित कार्यालय में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर मंत्रिपरिषद की बैठक में वर्ष 2005 से 2009 बैच तक के अर्हकारी सेवा अवधि पूर्ण कर चुके अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किए जाने के निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 11 जुलाई 2025 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के समुचित प्रबंधन हेतु 30 सांख्येतर पदों का सृजन करते हुए वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय उन अधिकारियों के लिए लिया गया है जिन्होंने सेवा में निर्धारित अर्हता अवधि पूर्ण कर ली है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, कीर्तन राठौर, अनंत साहू, डॉ. संगीता माहेलकर एवं श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम उपस्थित थीं।

अमर गिदवानी का जन्मदिवस मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज कार्यालय भवन में आज निगम एमआईसी सदस्य एवं उद्यानिकी एवं संस्कृति विभाग अध्यक्ष तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स में सलाहकार अमर गिदवानी का 64 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं घूम धाम से मनाया गया इस मौके पर चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने की उपस्थिति में केक कटिग का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान चेम्बर के आमंत्रित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने श्री गिदवानी को केक खिलाकर बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी।

बता दे कि चेम्बर सलाहकार अमर गिदवानी के मार्गदर्शन में व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आई है। वहीं कई कार्यक्रम में विस्तार पकड़ी हैं। आज जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जशप्रीत सलूजा कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप ईसरानी, ऑफिस इंचार्ज, अमरदास खट्टर, सुदेश मध्यान, लोकेश चन्द्रकांत जैन, राजेन्द्र पारेख, चेम्बर उपाध्यक्ष, भरत पामनानी मंत्री, राजा राखेड़ा, राजेश गिदवानी, दीपक खेमनानी, महेन्द्र बागोडिया जतिन नचरानी, राजेश जैन, सहित चेम्बर के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही सभी उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने क्रमशः श्री गिदवानी को गुलाब एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकांनाए प्रेषित की।

रायपुर एयरपोर्ट को मिले अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा: सांसद अग्रवाल

- सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भिलाई के नंदनी एयरपोर्ट में फ्लाइंग स्कूल खोलने का रखा प्रस्ताव
- रायपुर एयरपोर्ट की कैपेसिटी बढ़ाते हुए नया टर्मिनल बनाया जाए
- रायपुर से बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, हवाई मार्ग में कनेक्टिविटी बढ़ाने का किया अनुरोध

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल रायपुर को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय नागरविमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के स्थापना के रजत जयंती 1 नवंबर से पहले रायपुर को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव रखा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री से छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस से पहले रायपुर को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा दिलाने को कहा। इसके अलावा बृजमोहन अग्रवाल ने भिलाई के नंदनी एयरपोर्ट में फ्लाइंग स्कूल खोलने का और रायपुर एयरपोर्ट की कैपेसिटी बढ़ाते हुए यहां नया टर्मिनल बनाने का भी अनुरोध किया।

बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री नायडू से रायपुर से बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर हवाई मार्ग में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी बात की। साथ ही रायपुर में अंतरराष्ट्रीय कार्गो को शुरू करने का भी आग्रह किया।

कौशल यादव के शहीद दिवस पर 25 को पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से शहीद कौशल यादव के शहीद दिवस पर दिनांक 25 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में काली माता मंदिर के सामने शहीद कौशल यादव चौक में उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है।

पुष्पांजलि आयोजन हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 जोन कमिश्नर को काली माता मन्दिर के सामने शहीद कौशल यादव चौक और आसपास के क्षेत्र में आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था करवाने निर्देशित किया गया है।

एग्रीस्टेक पोर्टल केंद्र सरकार की डिजिटल पहल

धान बेचने अनिवार्य हुआ एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन, अंतिम तिथि 30 अगस्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी के साथ पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल वही किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति (सोसाइटी) में धान बेच सकेंगे, जिन्होंने समय रहते इस पोर्टल में पंजीयन कराया हो।

अंतिम तारीख और चेतावनी

इस पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 तय की गई है। जिन किसानों का पंजीयन तय समयसीमा के भीतर नहीं होगा, वे न सिर्फ समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह जाएंगे, बल्कि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तों से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

क्या है एग्रीस्टेक पोर्टल?

धान बेचने के लिए अब अनिवार्य हुआ एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 एग्रीस्टेक पोर्टल केंद्र सरकार की एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी जैसेः- पहचान,

भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण, वित्तीय स्थिति, बीमा जानकारी को एक ही प्लेटफॉर्म पर समेकित करना है। यह पूरी प्रक्रिया ई-केवाईसी आधारित होने के कारण अधिक पारदर्शी मानी जा रही है।

पंजीयन की प्रक्रिया

किसान कॉमन सर्विस सेंटर या स्थानीय सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें निम्न दस्तावेज अनिवार्य रूप से देने होंगेः- भूमि का बी-1 दस्तावेज, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर पंजीयन के बाद किसानों को एक 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी, जो भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं के लिए मान्य होगी।

आंकड़ों की स्थिति

अब तक जिले में 86,983 किसानों ने पंजीयन कर लिया है, जबकि पिछले वर्ष 1,37,773 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराया था। यानी अब तक केवल 63 प्रतिशत किसान ही प्रक्रिया पूरी कर पाए हैं। वहीं किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पंजीकृत 1,55,366 किसानों में से केवल 43.68 प्रतिशत (यानी 67,861 किसान) ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करा सके हैं।

सरकारी तंत्र में समन्वय

राज्य सरकार ने इस बार कृषि, खाद्य और राजस्व विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक सख्त कर दिया है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब किसानों का डेटा सीधे एग्रीस्टेक पोर्टल की रजिस्ट्री से लिया जाएगा, जिससे फर्जीवाड़े की संभावना खत्म हो जाएगी।

न्यूज गैलरी

मजबूत घरेलू संकेतों से भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला

मुंबई। मजबूत घरेलू संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत मंगलवार को हरे निशान में हुई। सुबह 9~43 पर सेंसेक्स 78 अंक या 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,331 और निफ्टी 30 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,113 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 121 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,173 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 81 अंक या 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,036 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, इन्फ्रा और प्राइवेट बैंक टॉप गेनर्स थे। आईटी और फार्मा में मामूली गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, बीईएल, भारती एयरटेल, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एसबीआई, टीसीएस और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे। खबर लिखे जाने तक एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा था। टोक्यो, हांगकांग और जकार्ता हरे निशान में थे, जबकि शंघाई, बैंकॉक और सियोल लाल निशान में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 14 जुलाई को लगातार दूसरे दिन अपनी बिकवाली जारी रखी और 1,614 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने छठे दिन भी अपनी खरीदारी जारी रखी और 1,787 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

युवाओं में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने की क्षमता

नई दिल्ली। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक श्रम बाजार विरोधाभास से गुजर रहा है। इस स्थिति में भारत के पास वैश्विक रोजगार का केन्द्र बनने का सुनहरा मौका है।भारत की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है लेकिन देश अल्प योग्यता और व्यापक कौशल अंतराल की चुनौतियों का सामना कर रहै है। वैश्विक श्रम बाजार में बदलाव के बीच भारत रोजगार का केंद्र बन सकता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कई देशों में वृद्ध होती आबादी के कारण अर्थव्यवस्थाओं में कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ रही है और व्यवसाय डिजिटीलकरण को अपना रहे हैं। इसमें कहा गया कि वैश्विक श्रम बाजार विरोधाभासी स्थिति से गुजर रहा है। जहां कुछ देशों में बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं दुनिया भर में कई नियोक्ताओं को कुशल श्रमिकों को खोजने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस विरोधाभास का मुख्य कारण तेजी से बढ़ता जनसांख्यिकीय अंतर है। उच्च आय वाले देशों में जन्म दर में लगातार गिरावट और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण जनसंख्या तेजी से वृद्ध हो रही है।

2025 की तीसरी तिमाही से शुरू हो सकती है डिलीवरी

टेस्ला मॉडल वाई भारत में 60 लाख रुपए में लॉन्च

मुंबई। इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को भारत में अपनी रियर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) मॉडल वाई कार लॉन्च की, जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। टेस्ला मॉडल वाई लॉन्ग रेंज रियर-व्हील ड्राइव की कीमत इसकी वेबसाइट पर पब्लिश्ड प्राइस लिस्ट के अनुसार 67.89 लाख रुपए होगी।

मॉडल वाई की अमेरिका में शुरुआती कीमत 44,990 डॉलर, चीन में 263,500 युआन और जर्मनी में 45,970 यूरो है। भारत में इसकी कीमत किसी भी फेडरल टैक्स प्रोत्साहन से पहले, अमेरिका में इसकी मूल कीमत से लगभग 15,000 डॉलर का अंतर दर्शाती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टेस्ला मॉडल वाई शुरुआत में मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। आरडब्ल्यूडी वर्जन के लिए टेस्ला मॉडल वाई की रेंज एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किमी होने का दावा किया गया है।

लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी वर्जन की रेंज 622 किमी होने का दावा किया गया है। अपनी फास्ट चार्जिंग कैपेसिटी के साथ, मॉडल वाई को आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 238 किमी और लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 267 किमी तक की रेंज जोड़ने में 15 मिनट लगते हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मॉडल वाई आरडब्ल्यूडी 5.9 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी मॉडल को समान एक्सीलेरेशन के लिए 5.6 सेकंड लगते हैं। दोनों वर्जन की अधिकतम गति 201 किमी प्रति घंटा समान है।

टेस्ला का पहला शोरूम मुंबई में खुला है, जबकि कंपनी द्वारा नई दिल्ली में दूसरा शोरूम खोले जाने की उम्मीद है। मॉडल वाई शुरुआत में मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगा। केबिन में 15.4-इंच का फ्रंट टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 8-इंच का रियर टचस्क्रीन, वेंटिलेशन वाली पावर्ड फ्रंट सीटे, पावर्ड टू-वे फोल्डिंग और हीटेड सेकंड-रो, फुटवेल और डोर पॉकेट एम्बिएंट लाइटिंग, रैप-अराउंड एम्बिएंट लाइटिंग और नौ स्पीकर जैसे फीचर्स मिलते हैं।

झइससे पहले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में टेस्ला के पहले शोरूम एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि टेस्ला मुंबई शहर में आ गई है, जो भारत की न केवल आर्थिक, वाणिज्यिक और मनोरंजन की ही नहीं, उद्यमशीलता की राजधानी भी है।

आयकर विभाग ने देश भर में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर वेरिफिकेशन अभियान शुरू

आयकर विभाग ने कटौतियों और छूटों के फर्जी दावों पर की कार्रवाई- केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग ने देश भर में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर वेरिफिकेशन अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य आयकर रिटर्न (आईटीआर) में कटौती और छूट के फर्जी दावों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं पर नजर रखना है। 150 कैंपस में चल रहे वेरिफिकेशन अभियान से डिजिटल रिकॉर्ड सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की उम्मीद है, जो इन योजनाओं के पीछे के नेटवर्क को खत्म करने और कानून के तहत जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। जांच में कुछ आईटीआर तैयार करने वालों और बिचौलियों द्वारा संचालित संगठित रैकेट का पर्दाफाश हुआ है, जो फर्जी कटौती और छूट का दावा करते हुए रिटर्न दाखिल कर रहे थे। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इन धोखाधड़ी वाली फाइलिंग में लाभकारी प्रावधानों का दुरुपयोग शामिल है, कुछ

लोग अत्यधिक रिफंड का दावा करने के लिए झूठे टीडीएस रिटर्न भी जमा करते हैं। यह कार्रवाई आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर लाभों के दुरुपयोग के विस्तृत विश्लेषण के बाद की गई है, जो अक्सर पेशेवर बिचौलियों की मिलीभगत से किया जाता है। संदिग्ध पैटर्न की पहचान करने के लिए, आयकर विभाग ने थर्ज पार्टी स्रोतों, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी और एडवांस एआई उपकरणों से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों का लाभ उठाया है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश में हाल ही में की गई तलाशी और जब्ती की कार्रवाइयों से इन निष्कर्षों की पुष्टि होती है, जहां विभिन्न समूहों और संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी के दावों के सबूत पाए गए। आधिकारिक बयान के अनुसार, विश्लेषण से धारा 10(13ए), 80जीजीसी, 80ई, 80डी, 80ईई, 80ईईबी, 80जी, 80जीजीए और 80डीडीबी के तहत कटौतियों के दुरुपयोग का पता चलता है। बिना किसी वैध औचित्य के छूट का दावा किया गया है। इसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्यमियों के कर्मचारी शामिल हैं। पिछले एक वर्ष में, आयकर विभाग ने संदिग्ध करदाताओं को अपने रिटर्न संशोधित करने और सही कर का भुगतान करने के लिए प्रेरित करने हेतु एसएमएस और ईमेल परामर्श सहित व्यापक संपर्क प्रयास किए हैं। कैंपस के अंदर और बाहर, फिजिकल आउटरीच प्रोग्राम भी आयोजित किए गए हैं। परिणामस्वरूप, पिछले चार महीनों में लगभग 40,000 करदाताओं ने अपने रिटर्न अपडेट किए हैं और स्वेच्छा से 1,045 करोड़ रुपये के झूठे दावे वापस ले लिए हैं। हालांकि, कई लोग अभी भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा, आयकर विभाग अब लगातार धोखाधड़ी वाले दावों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

वेदांता एल्युमीनियम ने 15,000 से अधिक युवाओं को किया सशक्त

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व युवा कौशल दिवस पर भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की है कि उसने अपने गतिशील और समुदाय-आधारित कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर में 15,000 से अधिक युवाओं को सशक्त किया है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों में फैली ये पहल उच्च-मांग वाले व्यवसायों में रोज़गार के लिए तैयार क्षमताएं निर्मित कर रही है और समावेशी, स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान कर रही है। कंपनी के कौशल विकास प्रयास स्थानीय जरूरतों और वैश्विक उद्योग रुझानों के अनुरूप हैं, तथा सौर ऊर्जा व हॉस्पिटैलिटी से लेकर मोबाइल मरम्मत और सीएनसी ऑपरेशन तक, 25 से अधिक व्यवसायों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों में प्रशिक्षण के बाद भी मदद दी जाती है जिनमें प्रमाणन, जॉब प्लेसमेंट और उद्यमिता इनक्यूबेशन शामिल हैं। ओडिशा कौशल विकास प्राधिकरण और नाबार्ड जैसी राज्य एजेंसियों और सीईएमएस जैसे उद्योग-संबद्ध संस्थानों के साथ साझेदारी में संचालित इसके प्रशिक्षण केंद्रों में प्लेसमेंट दर 70 प्रतिशत से अधिक है। वेदांता ने नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के तहत 500 से ज्यादा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है और बाद में अपने सभी परिचालनों में 18 आईटीआई प्रशिक्षुओं को शामिल किया है। प्रोजेक्ट पंछी जैसी पहल निम्न-आय वाले परिवारों की पहली पीढ़ी की छात्राओं को उच्च शिक्षा और रोज़गार में मदद करती है।

खेल, मनोरंजन

लॉर्ड्स में भारतीय गेंदबाजों ने रचा इतिहास

लंदन। लॉर्ड्स में भारतीय गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया और एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। टीम इंडिया 93 साल से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। पहली बार भारत ने एक टेस्ट मैच में विपक्षी टीम के 12 बल्लेबाजों को बोल्ड कर पवेलियन भेजा है। इंग्लैंड ने भारत को लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। टीम इंडिया भले ही हार गई हो, लेकिन जो लड़ाई भारत के पुछल्ले बल्लेबाजों ने इंग्लैंड से लड़ी, उसकी हर जगह तारीफ हो रही है। रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने टीम इंडिया को जीत दिलाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन 22 रन पीछे रह गए। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम सिराज के आउट होने के साथ ही 170 रन पर सिमट गई। भारत के मुख्य बल्लेबाज फ्लॉप रहे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों ने गजब का जज्बा दिखाया। लॉर्ड्स में भारतीय गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया और एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। टीम इंडिया 93 साल से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। पहली बार भारत ने एक टेस्ट मैच में विपक्षी टीम के 12 बल्लेबाजों को बोल्ड कर पवेलियन भेजा है। इससे पहले 2024 में भारत ने हैदराबाद में इंग्लैंड के 10 खिलाड़ियों को बोल्ड किया था। इस टेस्ट में कुल 15 खिलाड़ी बोल्ड हुए। इंग्लैंड के 12 और भारत के तीन खिलाड़ी बोल्ड हुए। यह भी एक रिकॉर्ड है। 21वीं सदी में पहली बार एक टेस्ट में इतने खिलाड़ी बोल्ड हुए। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच जमैक के किंग्सटन में खेले गए तीसरे टेस्ट में भी 15 ही खिलाड़ी बोल्ड हुए और उन्होंने बराबरी की। 21वीं सदी में बस इन्हीं दो मैचों में इतने खिलाड़ी बोल्ड हुए। इतना ही नहीं, लॉर्ड्स के दो योद्धाओं, बेन स्टोक्स और रवींद्र जडेजा ने भी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। जडेजा ने इंग्लैंड में लगातार चार पारियों में अर्धशतक लगाए। लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 61 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने इसी टेस्ट की पहली पारी में 72 रन बनाए थे। वहीं, एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में 89 रन और दूसरी पारी में नाबाद 69 रन बनाए थे। वह इंग्लैंड में लगातार चार या इससे ज्यादा 50+ के स्कोर बनाने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले ऋषभ पंत ने लगातार पांच 50+ स्कोर बनाए थे, जबकि सौरव गांगुली ने साल 2002 में लगातार चार 50+ स्कोर बनाए थे। जडेजा ने 150 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो कि टेस्ट में उनका टेस्ट में सबसे धीमा अर्धशतक रहा। इस सीरीज का भी यह सबसे धीमा अर्धशतक रहा। इतना ही नहीं, जडेजा लॉर्ड्स में एक ही टेस्ट में दो अर्धशतक लगाने वाले पहले भारत के पहले निचले क्रम के बल्लेबाज (छह से 11वें नंबर तक) बन गए। उनसे पहले लॉर्ड्स में चार विदेशी बल्लेबाजों (इंग्लैंड के अलावा) ने ऐसा किया है, लेकिन इनमें कोई भी भारतीय नहीं है।

मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की दिलकश तस्वीरें

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह व्हाइट टॉप और ब्लू पोल्का डॉटेड शॉर्ट्स में बेहद स्टनिंग नजर आ रही हैं. तस्वीरों में उनका कूल अंदाज और स्माइल फैंस को काफी पसंद आ रहा है.मोनालिसा ने यह तस्वीरें शेयर करते हुए कोई लंबा कैप्शन तो नहीं लिखा, लेकिन उनकी पोस्ट पर फैंस के कमेंट्स की बारिश हो रही है. किसी ने उन्हें 'गॉर्जियस' कहा तो किसी ने 'हॉटेस्ट' बताते हुए दिल और फायर इमोजी भेजे. कुछ ही घंटों में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं, जो उनकी पॉपुलैरिटी को साबित करते हैं। मोनालिसा का यह कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक एक बार फिर फैंस के दिल जीतने में कामयाब रहा है. सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली मोनालिसा अक्सर अपनी लाइफस्टाइल और लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जो मिनटों में वायरल हो जाती हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ और उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर छा गई हैं। फैंस अब बेसब्री से उनके अगले पोस्ट का इंतजार कर रहे हैं और लगातार प्यार और तारीफों से उनकी पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं।

हिमाचल की सात बेटियों को मिली टीम इंडिया में जगह

बिलासपुर/जाहू (हमीरपुर)। हिमाचल की सात बेटियां 11वीं एशियन वुमन यूथ हैंडबाल चैंपियनशिप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम 15 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगी। कनिष्का के नेतृत्व में टीम इंडिया चीन के जिंगगांगशान शहर में होने वाली प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी।

चीन में 18 से 27 जुलाई तक होने वाली 11वीं एशियन वुमन यूथ हैंडबाल चैंपियनशिप में भारतीय युवा महिला टीम की कप्तानी का जिम्मा बिलासपुर की कनिष्का को पहली बार सौंपा गया है। कनिष्का के साथ हिमाचल की सात बेटियां टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम 15 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगी। कनिष्का के नेतृत्व में टीम इंडिया चीन के जिंगगांगशान शहर में होने वाली प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी। टीम में हिमाचल की सात खिलाड़ी शामिल हैं। इन होनहार बेटियों ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में खुद को साबित किया। 70 संभावित खिलाड़ियों में से पहले 28 को शॉर्टलिस्ट किया गया और फिर उनमें से 18 का फाइनल चयन हुआ। हिमाचल की ये सात खिलाड़ी अंतिम टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। भारतीय टीम की कप्तान और पिवोट कनिष्का, गोलकीपर नेहा चौहान, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गारिमा, राइट विंग शिक्षा शामिल हैं। सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की हैं। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से प्रशिक्षित हैं। खिलाड़ियों ने हर तकनीकी और मानसिक तैयारी का शिविर में बखूबी प्रदर्शन किया। उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियन बनकर देश का परचम एशियन चैंपियनशिप में लहराएगी।

कबड्डी विश्वकप खेल सकती हैं हिमाचल की 5 से 6 बेटियां

धर्मशाला। कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से पांच से छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

ये सभी खिलाड़ी फाइनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी और अपने खेल के दम पर टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगी। पहले विश्व कप जुलाई में होना प्रस्तावित था। इस बीच कुछ कारणों से अब इसे अगस्त में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अब 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद में होगी। इससे पूर्व एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी पांच खिलाड़ियों पुष्पा, ज्योति, भावना, साक्षी और रितु नेगी ने भारतीय टीम की ओर से स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खेल प्राधिकरण धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा ठाकुर ने बताया कि महिला कबड्डी विश्व कप के लिए आयोजित अंतिम कोचिंग कैंप में प्रदेश की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें से चार खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रही हैं। भारतीय टीम के कोचिंग कैंप के लिए जिन हिमाचली खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, रितु नेगी, चंपा, भावना और साक्षी शर्मा शामिल हैं।

बॉक्स ऑफिस पर मालिक की कमाई में आया उछाल, मेट्रो इन दिनों ने भी 10वें दिन लगाई लंबी छलांग

अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों फिल्म मालिक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी पहली बार गैंगस्टर अवतार में दिखे राजकुमार पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। भले ही फिल्म की टिकट खिड़की पर शुरुआत धीमी रही हो, लेकिन वीकेंड पर इसके कारोबार में इजाफा हुआ है। आइए जानें मालिक ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, मालिक ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन 5.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपये बटोरे थे, वहीं दूसरे दिन यह 5.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस हिसाब से मालिक ने भारत में 3 दिन में 14.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। अब देखना होगा कि यह कामकाजी दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की फिल्म मेट्रो... इन दिनों को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए है। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी इस फिल्म की खूब तारीफ की, जिसका असर इसकी कमाई पर दिख रहा है। भले ही कामकाजी दिनों में इसका बॉक्स ऑफिस पर जादू नहीं चला, लेकिन वीकेंड पर इसने अच्छी-खासी कमाई कर ली है। आइए जानें मेट्रो... इन दिनों ने 10वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।

न्यूज गैलरी

युवक से 32 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव पुरानी बस्ती में जमीन बिक्री खरीदी में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 32 लाख 55 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तारण दास डहरिया 38 वर्ष सेजबहार मुजगहन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी दीवाकर औसरिया ने प्रार्थी को जमीन खरीदी बिक्री करने का ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर 32 लाख 55 हजार रुपए ठग लिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

साहित्य सदन संस्थान की काव्य गोष्ठी 20 को

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्य सदन संस्थान परंपरानुसार इस वर्ष भी 35वीं काव्य संध्या का आयोजन 20 जुलाई को दोपहर 3 बजे से शाम सात बजे के मध्य वृंदावन हाल सिविल लाइंस में कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम पत्रकारों के सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का नाम एक शाम पत्रकारों के नाम होगा। काव्य संध्या में बिलासपुर कोरबा, भिलाई दुर्ग, राजनांदगांव बालोद, दल्लीराजहरा, महासमुंद, बागबाहरा, बेमेतरा एवं रायपुर से प्रतिष्ठित कवि एवं शायर कार्यक्रम में अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में राजकुमार धर द्विवेदी, प्रदीप जोशी, आसिफ इकबाल, आहना कुंज, पूनम रितु सेन शामिल है।

जंगल से 15 जुआरी पकड़ में आये, 14 मोबाइल जप्त

कोरबा/नवप्रदेश। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पाली थाना क्षेत्र के चैतुरगढ़ के निकट जंगल में जुआ का फड़ सजा है। कप्तान ने कटघोरा थाना प्रभारी निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी के नेतृत्व में कार्रवाई करने का आदेश जारी किया और इसके साथ ही एक टीम ने सोमवार को दोपहर के वक्त जंगल में घेराबंदी की तो जुआ खेल रहे लोगों में अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जानकारी के अनुसार मौके से लगभग 15 लोगों को पकड़ा गया। यहां से गिरफ्त में लिए गए कोरबा सहित पड़ोसी बिलासपुर जिला के जुआरियों से कुल 14 नग मोबाइल बरामद किए गए। 17 बाइक मौके से जप्त हुई है और बिलासपुर पासिंग की एक ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एई 0696 की भी जप्ती बनाई गई है।
मौके से जुआ की रकम एक लाख से अधिक की जप्ती बनाई गई है। विस्तृत जानकारी संभवतरू मंगलवार को जारी होगी। कुछ नामचीन अड्डे जो शहर से लगे हुए जंगली इलाके में चल रहे हैं, वह गुलजार हैं। कप्तान की सख्ती और सीधे कप्तान से मुखबिरी के बाद कुछ मामले पकड़ में जरूर आ जाते हैं लेकिन कई मामले जो उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां अड्डे गुलजार हैं और खाकी बावाकिफ। कोयलाअंचल में बांकीमोगरा क्षेत्र में कुछ जुआरी अपना अड्डा सजाये हुए हैं। गोढ़ी और आसपास के जंगली इलाके भी रुक-रुक कर गुलजार हो रहे हैं।

राज्यपाल डेका ने अंतरिक्ष से लौटने पर शुक्ला को दी बधाई

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने भारत के सुपुत्र श्री शुभांशु शुक्ला के 18 दिन अंतरिक्ष में रहने के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से अमरीका के

कैलिफ़ोर्निया में सफल लैंडिंग पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। श्री शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप अपना नाम दर्ज कराया है। राज्यपाल ने कहा कि श्री शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि भारत की नई अंतरिक्ष पहचान का प्रतीक है। वे न केवल आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय बने, बल्कि उन्होंने यह दिखा दिया कि भारत अब अंतरिक्ष अन्वेषण की अग्रणी दौड़ में शामिल हो चुका है। 1984 के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट श्री शुभांशु शुक्ला ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।

नक्सलियों का कबूलनामा: एक साल में मारे गए 357 नक्सली

■ **28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाएंगे माओवादी**

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा में नक्सलियों ने पहली बार आधिकारिक तौर पर यह स्वीकार किया है कि पिछले एक साल के भीतर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में उनके 357 साथी मारे गए हैं। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में यह जानकारी दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने 24 पन्नों की एक बुकलेट भी जारी की है, जो गोंडी और अंग्रेजी भाषा में है। इस बुकलेट के जरिए नक्सल संगठन ने मारे गए अपने सदस्यों को शहीद बताते हुए सुरक्षा बलों की कार्रवाई को आक्रामक बताया है।

136 महिला नक्सली मारी गई

जारी दस्तावेज़ों के अनुसार, मारे गए 357 नक्सलियों में 136 महिलाएं भी शामिल थीं, जो महिला दस्ता या अग्रिम मोर्चों पर सक्रिय थीं। इतना ही नहीं, मारे गए नक्सलियों में संगठन के शीर्ष स्तर के 4 सेंट्रल कमेटी मेंबर और 15 राज्य कमेटी सदस्य भी शामिल हैं। यह संगठन की रणनीतिक ताकत के लिए एक बहुत बड़ा

नुकसान माना जा रहा है। इससे न केवल उनकी नेतृत्व क्षमता प्रभावित हुई है, बल्कि संगठन के अंदर डर और हताशा का माहौल भी बताया जा रहा है।

सबसे ज्यादा क्षति दण्डकारण्य क्षेत्र

सबसे ज्यादा क्षति नक्सलियों को दण्डकारण्य क्षेत्र में हुई है, जहां 281 नक्सली मारे गए। दण्डकारण्य वही इलाका है जो छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र के सीमावर्ती जंगलों में फैला हुआ है और जिसे नक्सलियों का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बस्तर संभाग के कई जिले, खासकर सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा, इस क्षेत्र का अहम हिस्सा हैं, जहां पिछले एक साल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच कई बड़ी मुठभेड़ें हुईं।

28 से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह

मारे गए नक्सलियों की याद में संगठन ने 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। हर साल की तरह इस बार भी शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सली ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर सकते हैं, बैनर-पोस्टर लगा सकते हैं, और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इस चेतावनी को देखते हुए पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने पूरे बस्तर क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। खुफिया इनपुट पर नजर रखी जा रही है और संवेदनशील इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है।

सीएम साय से केंद्रीय सचिव मनोज जोशी ने की मुलाकात

भू-अभिलेख सुधार, डिजिटल सर्वे और राजस्व मामले पर हुई चर्चा

■ **भूमि सर्वेक्षण में तकनीकी नवाचारों के उपयोग**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय से आज मंगलवार को विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय में भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने मुलाकात की। इस अवसर पर भू-अभिलेख प्रणाली को सुदृढ़ करने, भूमि सर्वेक्षण में तकनीकी नवाचारों के उपयोग और राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राजस्व मंत्री टंकाराम वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार भू-राजस्व दस्तावेजों को अद्यतन करने और आवश्यक सुधार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड जितने व्यवस्थित होंगे, राजस्व न्यायालयों में मामलों का निपटारा उतना ही शीघ्र और प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भूमि अभिलेखों में सुधार संबंधी केंद्र सरकार की सभी पहल के साथ राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी, ताकि यह प्रणाली और अधिक प्रभावशाली व जनहितकारी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तकनीक आधारित नवाचारी पहलों के माध्यम से भू-राजस्व रिकॉर्ड में पारदर्शिता, गति और सटीकता लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसानों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस दिशा में सभी आवश्यक कदम तत्परता से सुनिश्चित करें।

ये रहे मौजूद: बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी, राजस्व सचिव अविनाश चंपावत, संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदनवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में भू-अभिलेखों की स्थिति बेहतर

केंद्रीय भूमि संसाधन सचिव मनोज जोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भू-

अभिलेखों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है और राज्य सरकार के सक्रिय सहयोग से इसमें और अधिक सुधार लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में पारंपरिक पद्धति से किए जाने वाले भूमि सर्वेक्षण में समय अधिक लगता था, लेकिन अब आधुनिक तकनीकों के उपयोग से यह प्रक्रिया तेज, अधिक सटीक और भरोसेमंद हो गई है।

डिजिटल सर्वेक्षण के माध्यम से प्रभावी कदम : जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार भू-अभिलेख संधारण प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है, जिसके अंतर्गत राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जमीन की खरीद-बिक्री के दौरान नक्शों के अद्यतन में कई बार तकनीकी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें डिजिटल सर्वेक्षण के माध्यम से प्रभावी रूप से दूर किया जा सकेगा। ससे प्रत्येक नागरिक को अद्यतन और प्रमाणिक नक्शा प्राप्त होगा, जिससे गड़बड़ियों में कमी आएगी और शहरी क्षेत्रों के विस्तार को बेहतर ढंग से नियोजित किया जा सकेगा।

स्कूटी दीदी एनु बनीं आत्मनिर्भर

छत्तीसगढ़ की बेटियां अब केवल लाभार्थी नहीं, बन रहीं सामाजिक परिवर्तन की भी वाहक- सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एक छोटे से गांव उमरदा की निवासी एनु आज पूरे देश में स्कूटी दीदी के नाम से जानी जाती हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एनु की जीवटता, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उनके योगदान की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि एनु जैसी बेटियाँ ही आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान हैं। उनके साहस, समर्पण और संकल्प से छत्तीसगढ़ के गांवों की तस्वीर बदल रही है।

अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि

एनु की प्रेरक यात्रा इस बात का प्रमाण है कि यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज़्बा हो, तो संसाधनों की कमी, सामाजिक दबाव और परंपरागत सोच भी राह नहीं रोक सकती। एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मीं एनु ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई जारी रखी और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़कर सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया, एक लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया, और समय पर ऋण को चुका कर आर्थिक अनुशासन की मिसाल पेश की। एनु को समझ थी कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गतिशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 'प्रथम संस्था' से स्कूटी चलाना सीखा और शुरुआत में समाज के तानों और व्यंग्य के बावजूद अपना आत्मविश्वास बनाए रखा और हार नहीं मानी। जब वे गांव-गांव स्कूटी से महिलाओं से जुड़ने लगीं, तभी उन्हें स्कूटी दीदी के नाम से पहचाना जाने लगा।

वर्ष 2023 में एनु ने महिला दोपहिया प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की। शुरुआत में केवल 2-3 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया, लेकिन धीरे-धीरे यह पहल ग्रामीण समाज में एक क्रांति बन गई। अब तक वे 30 से अधिक महिलाओं को स्कूटी चलाना सिखा चुकी हैं, जो अब स्वयं आंगनबाड़ी, स्कूल, बैंक और स्वास्थ्य केंद्र जैसे स्थानों तक स्वतंत्र रूप से पहुँचना शुरू कर चुकी हैं। एनु की इस पहल से न केवल महिलाओं की दैनिक गतिशीलता आसान हुई है, बल्कि पूरे सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आया है। अब गांवों में माता-पिता स्वयं अपनी बेटियों और बहुओं को एनु के पास प्रशिक्षण हेतु भेज रहे हैं। उनका सपना है कि वे 1000 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएं और शीघ्र ही चारपहिया वाहन प्रशिक्षण केंद्र शुरू करें।

मुख्यमंत्री साय की पहल पर शुरू होगा पालक-शिक्षक संवाद अभियान

■ **पालक और शिक्षक मिलकर संवारेंगे बच्चों का भविष्य वर्ष में तीन बार अनिवार्य बैठक**

रायपुर/ नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के सभी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र के दौरान वर्ष में तीन बार पालक-शिक्षक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। पहली बैठक अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय बैठकें तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षाओं के 10 दिवस के भीतर संपन्न होंगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रत्येक जिले में इन बैठकों के आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यालयों में यह प्रक्रिया प्रभावी रूप से लागू हो।

पालक-शिक्षक बैठकें न केवल शैक्षणिक संवाद का मंच होंगी, बल्कि वे बच्चों की संपूर्ण प्रगति पर सामूहिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर भी देंगी। इन बैठकों के माध्यम से पालकों को यह समझाने का प्रयास किया जाएगा कि घर में बच्चों की पढ़ाई के लिए कैसा वातावरण होना चाहिए, उनकी दिनचर्या कैसी हो, परीक्षा के तनाव से कैसे निपटना है, और संवाद की आदत कैसे विकसित करनी है। साथ ही, 'बस्ता रहित शनिवार' जैसी पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा जिससे बच्चे मानसिक रूप से हल्का महसूस करें और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें।

बैठकों के दौरान पालकों को बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के उपायों पर भी जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से उन्हें यह समझाया जाएगा कि बच्चों को खुलकर बोलने के लिए अवसर प्रदान करना, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करना, और जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आयोजित शिविरों में बच्चों को शामिल करना कितनी महत्वपूर्ण पहल है। इसके अतिरिक्त 'न्योता भोजन' जैसी सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए भी पालकों को प्रेरित किया जाएगा।

इस पहल में डिजिटल शिक्षा को भी विशेष स्थान दिया गया है। बैठक के दौरान पालकों को दीक्षा ऐप, ई-जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी जैसे संसाधनों के बारे में बताया जाएगा, ताकि वे घर पर भी अपने बच्चों को तकनीक आधारित शिक्षण सामग्री से जोड़ सकें।

प्रधानमंत्री आवास में अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य शासन ने उर्वरकों के अवैध भण्डारण, परिवहन, विक्रय पर सख्त कार्यवाही के निर्देश संबंधितोंको दिए है। इसी निर्देश के परिपालन में सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर ने ग्राम डांडगांव, तहसील उदयपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास में अवैध रूप से उर्वरक (यूरिया) भंडारण के मामले में दो व्यक्तियों पर सुखराम पिता बुधियार एवं पंकज अग्रवाल पिता मदन अग्रवाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/5 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है। तहसीलदार उदयपुर को सूचना मिली थी कि ग्राम डांडगांव के प्रधानमंत्री आवास में पंकज अग्रवाल द्वारा 1640 बोरी यूरिया उर्वरक का अवैध भंडारण किया गया है। तहसीलदार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हल्का पटवारी तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में दिनांक 25 जून 2025 को मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया। पंकज अग्रवाल द्वारा ताले की चाबी न देने पर ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया गया, जहां यूरिया भंडारित पाया गया। जांच के दौरान उर्वरक की प्राप्ति और भंडारण से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। अनावेदक पंकज अग्रवाल ने उत्तर में बताया कि वह पिकअप वाहन से किसानों को भाड़े पर उर्वरक पहुंचाता है और यह उर्वरक किसानों द्वारा खरीदा गया था, जिसे अस्थायी रूप से सुखराम के खाली मकान में रखा गया था। हालांकि, न्यायालय ने पाया कि प्रस्तुत जवाब व तर्क प्रमाणित एवं समाधान कारक नहीं हैं, और कोई वैध दस्तावेज या खरीदी रसीद प्रस्तुत नहीं की गई।

स्मृति पुस्तकालय योजना की हुई शुरूआत

■ **पहले दिन दानदाताओं ने खुलकर किया दान मिली 804 से अधिक पुस्तकें**

■ **मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला रायपुर द्वारा किया जा रहा नवाचार**

रायपुर/नवप्रदेश। अच्छी किताबें पढ़ने के बाद हम सभी चाहते हैं कि जो विद्या हमने इससे सीखी है उसे दूसरों तक भी पहुंचाएं और इसके लिए पुस्तकालयों को किताबें देने से बेहतर कुछ नहीं जहां किताबों के प्रेमी आते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय हमेशा पठन-पाठन को बढ़ावा देने का जतन करते हैं और उनके निर्देशानुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुस्तकालय उत्कर्ष योजना की शुरूआत की गई है इस योजना के तहत लोग प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित किताबें, साहित्यिक किताबें एवं अन्य जानकारीपरक किताबें दान कर सकेंगे ताकि इसका लाभ बड़ी आबादी को मिल सके। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में पुस्तकालय उत्कर्ष योजना की शुरूआत आज रेडक्रास सभाकक्ष में की गई। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों का उनके पाठयक्रम व

प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आवश्यक पुस्तकें व साहित्य प्रेमी लोगों के लिए हेतु पुस्तके उपलब्ध कराना तथा समाज के सभी वर्ग में पठन अभिरूची का विकास कराना है। आयोजित इस कार्यक्रम में 33 दानदाताओं ने 804 पुस्तकें दान में दी। इनमे विद्यार्थियों द्वारा दी गई स्कूली किताबें शामिल हैं तो योजना प्रकाशन द्वारा 1.50 लाख रूपए की हाल ही में प्रकाशित हुई किताबें दी गई। साथ ही राहुल कुमार सिंह और सेवानिवृत इंजीनियर श्री राम टेके द्वारा पुरातत्व पर आधारित स्वयं की लिखी हुई किताबे दान की। वहीं रोल बोल फांउडेंशन ने लैपटाप दिया। दान की गई पुस्तकों में जेईई से लेकर तमाम प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए किताबें शामिल थी।

रामलला दर्शन योजना के तहत रायपुर से पहली विशेष श्रद्धालु ट्रेन रवाना

■ **उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने दिखाई हरी झंडी**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी धार्मिक पर्यटन योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 15 जुलाई 2025 को रायपुर रेलवे स्टेशन से पहली विशेष ट्रेन को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। इस विशेष अवसर पर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर

ट्रेन को रवाना किया।

इस योजना की पहल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में की गई है, जिसका उद्देश्य राज्य के श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के दर्शन के लिए निःशुल्क, सुरक्षित और सुलभ यात्रा उपलब्ध कराना है। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि रामलला दर्शन योजना हमारी सरकार की श्रद्धा, सेवा और संवेदना का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने इसे जनभावनाओं को साकार करने वाली योजना बताया।

पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि ÷इस योजना से धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी और राज्य के श्रद्धालु सम्मानपूर्वक अयोध्या के दर्शन कर सकेंगे।÷ उन्होंने बताया कि आगामी चरणों में अन्य जिलों से भी यात्राएँ संचालित की जाएँगी। इस ट्रेन में 850 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम की यात्रा पर रवाना हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com